दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




● नई दिल्ली।गुरुवार 03 अप्रैल-2025 ● वर्ष : 10 अंक : 103 पेज-08 ● RNI NO. DELHI/2015/65364 ● मूल्य : ₹3




# गाजियाबाद में साढ़े चार घंटे तक चली भाजपा-संघ की समन्वय बैठक

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह, मोहित बेनीवाल, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के क्षेत्रीय प्रचारक महेन्द्र, क्षेत्रीय टोली, प्रान्तीय टोली, अनुसांगिक संगठन, क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया, प्रदेश उपाध्यक्ष सुनीता दयाल मुख्य रूप से रहीं उपस्थित

**- संविधान रचयिता बाबासाहेब डा. भीमराव अंबेडकर और संघ के 100 वर्ष पूरे होने के विषय पर हुई गंभीरता से चर्चा**

**- संघ की प्रांतीय टोली के साथ हुई मुख्यमंत्री योगी की अलग से बैठक**



गौरव शशि नारायण

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** बुधवार को गाजियाबाद के नेहरू नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर के प्रांगण में भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक हुई। इस बैठक को संघ-भाजपा समन्वय बैठक का नाम दिया गया। बताया जा रहा है कि सुबह करीब 11 बजे से लेकर दोपहर 3:30 बजे तक यह बैठक चली। तीन चरणों में हुई इस मीटिंग के दौरान कई महत्वपूर्ण विषयों और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा करने की जानकारी मिली है। तो वहीं सूत्रों ने बताया है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने के मौके पर वर्षभर होने वाले कार्यक्रमों के साथ ही संघ की शाखों के विस्तार, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव, संघ-भाजपा और सरकार के बेहतर समन्वय को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा की गई है।

तो वहीं संविधान रचयिता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को लेकर भी कई महत्वपूर्ण विषय बनाए गए हैं। जिनपर भविष्य में भाजपा और संघ साथ काम करती हुई नजर आएगी। बुधवार को हुई इस बैठक के लिए जहां खुद उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मेरठ और ब्रज प्रांत के पदाधिकारियों के साथ इस बैठक में रूबरू हुए हैं। तो वहीं गाजियाबाद में हुई यह बैठक अब तक की मुख्यमंत्री द्वारा किसी भी शहर में आयोजित कार्यक्रम का सबसे लंबा कार्यक्रम रहा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को गाजियाबाद में लगभग सुबह 10:35 से लेकर 4:10 तक गाजियाबाद की सरजमीन पर उपस्थित रहे। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारियों और भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व के साथ महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की है।

### तीन चरण में हुई संघ-भाजपा समन्वय मीटिंग

करंट क्राइम : गाजियाबाद में बुधवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भारतीय जनता पार्टी के प्रमुख और वरिष्ठजनों के बीच जो बैठक हुई है यह तीन चरणों में हुई है। पहले चरण में जहां कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। तो फिर मुख्यमंत्री का संबोधन और दोपहर बाद भोजन के बाद समापन चरण रखा गया था। बताया जा रहा है कि दोपहर करीब पौने तीन बजे के आसपास मुख्यमंत्री सुरक्षा से जुड़े अधिकारियों ने मुख्यमंत्री के फ्लीट को रेडी करने के निर्देश दे दिए थे लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक और भाजपा पदाधिकारियों के साथ लंबी वार्ता में व्यस्त हो गए। जिस वजह से फिर वह यहां से लगभग 40 मिनट की समय अवधि पूरी होने के बाद ही निकले थे।

### जब योगी ने बताया भूटान नरेश ने कैसे लगाई थी महाकुंभ प्रयागराज में डुबकी



**करंट क्राइम :** नेहरू नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर के ऑडिटोरियम में चली बैठक को लेकर प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर भी नजर रखने का काम हो रहा था। तो वहीं सूत्रों ने बताया है कि इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ के सफल आयोजन को लेकर कई किस्से और कहानियां भी सुनाएं। उन्होंने बताया कि किस तरीके से भूटान के नरेश आए थे, वह प्रयागराज स्थित महाकुंभ में पहुंचे, तो उन्होंने वहां संगम घाट पर जाकर स्नान करने की इच्छा प्रकट की। जिसके बाद योगी आदित्यनाथ और उनकी टीम ने भूटान नरेश को वहां स्नान कराया। स्नान करने के बाद भूटान नरेश ने इस स्नान की जमकर तारीफ की। व्यवस्थाओं का उन्होंने हवाला देते हुए ऐसे आयोजन को ऐतिहासिक बताया। तो वही भूटान नरेश ने बताया कि संगम घाट पर स्नान करने के बाद उनके शरीर में एक नई ऊर्जा और स्फूर्ति आ गई थी। उनको ऐसा लगा कि जैसे उनके भीतर से जो भी थकावट और अन्य परेशानियां थीं वह दूर हो गई हैं।

### संघ की प्रांतीय टोली के साथ भी हुई मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अहम बैठक

**करंट क्राइम :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष से लेकर भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष, क्षेत्रीय महामंत्री सहित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मेरठ और ब्रज प्रांत के पदाधिकारी के साथ हुई। मीटिंग में एक महत्वपूर्ण बैठक भी हुई है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार संघ की प्रांतीय टीम के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आधे घंटे से अधिक बैठक की है। इसमें कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा भी हुई है। बताया जा रहा है कि एक तरफ संघ और भाजपा के रिश्तों को और बेहतर बनाने के साथ ही प्रदेश कार्य समिति को लेकर भी मंथन किया गया है।

### इन चेहरों पर रही सबकी नजर

करंट क्राइम : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भारतीय जनता पार्टी के प्रमुख चेहरों के बीच होने वाली समन्वय बैठक को लेकर वैसे तो लगभग ब्रज और मेरठ प्रांत के 200 से अधिक प्रमुख पदाधिकारी पहुंचे थे लेकिन बैठक के केंद्र पर सबका ध्यान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर रहा। तो इसके बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी के साथ ही प्रदेश संगठन मंत्री धर्मपाल सिंह, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के क्षेत्रीय प्रचारक महेन्द्र, क्षेत्रीय टोली, प्रान्तीय टोली, अनुसांगिक संगठन, मोहित बेनीवाल, क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सुनीता दयाल, उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप, भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के साथ ही क्षेत्रीय महामंत्री और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कई अन्य पदाधिकारियों की भी इस कार्यक्रम में उपस्थित देखने को मिली।

## मुख्यमंत्री ने लगभग डेढ़ घंटे तक अलग-अलग विषयों पर की चर्चा, महाकुंभ के बताएं किस्से और विकास कार्यों की रखी बात



**करंट क्राइम :** नेहरू नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर के ऑडिटोरियम में मेरठ और ब्रज प्रांत के राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारियों के साथ ही भारतीय जनता पार्टी के कई प्रमुख पदाधिकारी इस बैठक में शामिल हुए। इस बैठक में जहां भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी उपस्थित रहे। तो वहीं प्रदेश संगठन मंत्री धर्मपाल सिंह, मोहित बेनीवाल और क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया के साथ ही भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष सुनीता दयाल भी इस महत्वपूर्ण बैठक में मौजूद रहीं।

बताया जा रहा है कि इस बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लगभग तीन महत्वपूर्ण विषयों पर डेढ़ घंटे से अधिक चर्चा की। बैठक में उपस्थित लोगों से मिली जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जहां मीटिंग के पहले चरण में उत्तर प्रदेश में विकास कार्यों और कोरोना काल से लेकर अब तक लोगों को दी जाने वाली योजनाओं ,सरकारी सहायताओं के बारे में संघ पदाधिकारियों को अवगत कराया है। तो वहीं इस बैठक में उन्होंने महाकुंभ जैसे विशाल आयोजन को सफलता और बहुत ही शानदार ढंग से आयोजित करने के लिए सभी को धन्यवाद देते हुए इसकी कई जानकारियां भी खुद ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दी। इस दौरान बताया गया कि उनका विकास का फामूर्ला उत्तर प्रदेश में आगे भी जारी रहेगा, साथ ही संघ और अन्य पदाधिकारियों को साथ में लेकर चलने का प्रयास रहेगा।

### बाबासाहब भीमराव अंबेडकर को लेकर हुआ गहन मंथन ,प्रदर्शित किए जाएंगे अनेकों स्वरुप



**करंट क्राइम :** बीते दिनों हुए लोकसभा चुनाव और फिर उत्तर प्रदेश में उपचुनाव और अन्य राजनीतिक समीकरण को लेकर भी यहां चर्चा हुई है। जिसमें केंद्र बिंदु पर संविधान रचयिता डॉ भीमराव अंबेडकर का विषय गंभीरता से रख गया, तो इसके साथ ही इस विषय पर गहन मंथन भी किया गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भारतीय जनता पार्टी 14 अप्रैल को भीमराव अंबेडकर के जन्मोत्सव को अब देशभर में प्रमुखता और एक अलग विजन के साथ शुरू करने की तैयारी कर रहा है। इसके लिए बैठक में चर्चा हुई है की हमेशा डॉ. भीमराव अंबेडकर की एक ही प्रकार की तस्वीरें, एक ही वेशभूषा और एक ही रंग विशेष को लेकर फोकस किया जाता है। इसको लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा नई थीम और कलेवर में संविधान रचयिता बाबा साहब अंबेडकर को प्रस्तुत करने का काम करेगी। बाबा साहब की नई अलग-अलग तस्वीरों के साथ ही रंग बिरंगी पोशाकों और उनके अलग-अलग विषयों को जनता और समाज के अलग-अलग प्लेटफार्म तक ले जाने का भी काम होगा।

### भीमराव अंबेडकर को एक सीमा में ना बांधा जाए, व्यापक रूप प्रदर्शित करेगी भाजपा और संघ

करंट क्राइम : इस बैठक के दौरान संविधान रचियता डॉ भीमराव अंबेडकर को लेकर व्यापक और उनको एक अलग सीमा में लाकर प्रदर्शित करने की रणनीति भी बनाई गई है। जानकारी मिली है कि अब किसी भी कार्यक्रम में जहां पर भी डॉ. भीमराव अंबेडकर का फोटो या नाम का इस्तेमाल होगा, उनकी फोटो अलग होगी। साथ ही उनके नाम के आगे डॉ. भीमराम जी अंबेडकर का जिक्र किया जाएगा। कहा जा रहा है कि संविधान रचयिता ने जब अपने हस्ताक्षर किए थे तो उन्होंने डॉ. भीमराम जी अंबेडकर प्रदर्शित किया था और इसे अब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भारतीय जनता पार्टी जन-जन तक पहुंचाने का काम करेगी।

### सुरक्षा के त्रिस्तरीय घेरे में रहा भाजपा-आरएसएस बैठक स्थल



गाजियाबाद ,करंट क्राइम : बुधवार को नेहरू नगर स्टेशन सरस्वती शिशु मंदिर के प्रांगण और ऑडिटोरियम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों के साथ समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। इस संबंध में बैठक को लेकर गाजियाबाद पुलिस-प्रशासन के साथ ही लखनऊ से आई सुरक्षा टीमों ने मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर अपनी पूरी जांच पड़ताल और सुरक्षा व्यवस्था कर ली थी। बुधवार को बैठक शुरू होने से पहले ही संघ-भाजपा बैठक के कार्य स्थल के आसपास के पूरे इलाके को सुरक्षा के लिहाज से त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरे में कर लिया गया था। यहां खुद पुलिस कमिश्नर से लेकर डीसीपी सिटी राजेश कुमार, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक, जिलाधिकारी दीपक मीणा, कमिश्नर मेरठ और खुफिया विभाग से लेकर सैकड़ो की संख्या में पुलिसकर्मियों की अलग-अलग ड्यूटी पॉइंट पर तैनाती की गई थी। तो वहीं कार्यक्रम में कोई भी अनजान वाहन और व्यक्ति न घुस जाए, इसलिए जगह-जगह बैरिकेटिंग करने के साथ ही जर्सी बैरियर भी लगाई गई थीं।

#### हिंडन एयरपोर्ट से लेकर कार्यक्रम स्थल तक हर कट को किया गया था बंद, पुलिस रही मुस्तैद

**करंट क्राइम :** नेहरू नगर में भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख पदाधिकारियों के साथ होने वाली बैठक को लेकर सुरक्षा का कड़ा पहरा लगाया गया था। हिंडन एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री के उतरने से पहले ही सभी प्रमुख मार्ग और कट पर यातायात पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया था। तो वहीं कई स्थानों पर बैरिकेडिंग लगाकर रास्तों को बंद किया गया था ताकि किसी प्रकार के वाहन मुख्यमंत्री के काफिले और वीआईपी रूट पर ना जाएं। इसके साथ ही भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को लेकर भी सुरक्षा व्यवस्था प्रदान की गई थी। तो वहीं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारियों को भी फ्लीट करते हुए काफिला कार्यक्रम स्थल तक पहुंचा था।

### गाजियाबाद में अब तक का सबसे लंबा रहा सीएम योगी आदित्यनाथ का कार्यक्रम



**करंट क्राइम :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वैसे तो समय-समय पर गाजियाबाद आते रहते हैं। कभी वह यहां जनसभा को संबोधित करने आते हैं। तो कभी वह कानून व्यवस्था और अन्य विषयों की समीक्षा के लिए गाजियाबाद पहुंचते हैं। दिल्ली आने जाने और पश्चिम उत्तर प्रदेश के आसपास के शहरों में जाने के लिए योगी आदित्यनाथ हमेशा ही गाजियाबाद के हिंडन एयरपोर्ट का इस्तेमाल करते हैं लेकिन यह पहली बार हुआ है, जब गाजियाबाद की किसी बैठक या कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इतने लंबे समय तक उपस्थित रहे हो और पूरे कार्यक्रम में उनकी उपस्थिति रही। बुधवार को सरकारी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री गाजियाबाद में सुबह लगभग 10 :35 पर आ गए थे, इसके बाद वह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा की समन्वय मीटिंग में लगभग 3 :35 तक उपस्थित रहे और फिर वह गाजियाबाद से 4 :10 पर लखनऊ के लिए रवाना हुए। कुल मिलाकर अगर सुबह गाजियाबाद में एंट्री से लेकर और एग्जिट तक की बात की जाए तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बीते 8 साल के दौरान पहली बार गाजियाबाद में किसी कार्यक्रम के संबंध में गाजियाबाद में 6 घंटे से अधिक रुके हैं। किसी कार्यक्रम के रूप में यह उनका अब तक का सबसे बड़ा और लंबा कार्यक्रम रहा है। हालांकि वह गाजियाबाद के इंदिरापुरम स्थित सीआईएसएफ कैंप और विजयनगर स्थित गेस्ट हाउस में दो बार रात्रि विश्राम कार्यक्रम में रात गुजर चुके हैं लेकिन कार्यक्रम के रूप में यह उनका गाजियाबाद में अब तक का सबसे लंबा समय अवधि वाला रौदा रहा है।

### संघ के 100 वर्ष पूरे होने को लेकर एक साल तक चलेंगे कई कार्यक्रम



**करंट क्राइम :** नेहरू नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर के ऑडिटोरियम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष पदाधिकारियों के साथ हुई इस बैठक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में एक वर्ष तक आयोजित होने वाले तमाम समारोह, कार्यक्रम और आयोजनों को लेकर गहन चर्चा की गई है। इसकी रणनीति बनाने के साथ ही यह तय किया गया है कि किस तरीके से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शाखों का विस्तार किया जाए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा चलाए जाने वाले अभियानों को कैसे बड़ा बनाया जाए। इसके साथ ही किस तरीके से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में युवाओं और प्रबुद्ध वर्ग को शामिल किया जा सकता है, इस विषय को लेकर भी चर्चा की गई है। उधर बैठक में सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार यह भी रणनीति बनाई गई है कि आने वाले एक वर्ष तक किस प्रकार से गाजियाबाद से लेकर उत्तर प्रदेश और देशभर के प्रमुख शहरों में क्या-क्या बृहत स्तर पर कार्यक्रम सफलता पूर्वक करवाए जा सकते हैं, उसकी भी रूपरेखा बनाई गई है।

# वक्फ बिल पर फैले सभी भ्रम को गृह मंत्री अमित शाह ने किया दूर



**विपक्ष के आरोपों पर किया करारा पलटवार, कहा वक्फ बोर्ड में एक भी गैर मुस्लिम नहीं आएगा।**

**नई दिल्ली।** लोकसभा में वक्फ संशोधन बिल पर चर्चा के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्ष के तमाम आरोप पर करारा पलटवार किया है। इस दौरान उन्होंने इस बिल को लेकर फैलाए जा रहे सभी भ्रम को एक-एक करके दूर भी किया। अपने संबोधन के शुरूआत में उन्होंने कहा - वक्फ के खिलाफ भ्रम फैलाया गया, कई सदस्यों के मन में वक्फ बिल पर भ्रांतियां है।

### 'वोट बैंक के लिए वक्फ बिल का विपक्ष कर रहा विरोध'

गृह मंत्री अमित शाह ने इस दौरान कहा- वक्फ शब्द का अर्थ अल्लाह के नाम पर संपत्ति का दान है, वक्फ परिषद और वक्फ बोर्ड 1995 से है, लेकिन वोट बैंक के लिए विपक्ष वक्फ बिल का विरोध कर रहा है। गृह मंत्री ने साफ-साफ कहा कि, वक्फ बोर्ड में एक भी गैर मुस्लिम नहीं आएगा। गृह मंत्री ने आगे कहा कि- अगर 2013 में संशोधन नहीं होता तो ये बिल नहीं आता। उस दौरान संशोधन करके दिल्ली के लुटियंस की 125 संपत्तियां वक्फ को दे दीं गई। अमित शाह ने कहा कि, वक्फ बोर्ड में जो संपत्तियां बेच खाने वाले, सौ-सौ साल के लिए औने-पौने दाम पर किराए पर देने वाले लोग है, वक्फ बोर्ड और वक्फ परिषद उन्हें पकड़ने का काम करेगा। उन्होंने आगे बताया कि 1913 से 2013 तक वक्फ के पास 18 लाख एकड़ जमीन थी। 2013 से 2025 के बीच 21 लाख एकड़ भूमि बढ़ गई। अब 39 लाख एकड़ भूमि है। कई संपत्तियां बेच दी गईं, लेकिन किसकी इजाजत से?

### बिल का फायदा अगले चार साल में दिखने लगेगा- शाह

गृह मंत्री ने कहा- वक्फ बिल वक्फ की जमीन के रख-रखाव के लिए है। अगले चार साल सभी मुस्लिम समझ जाएंगे इस बिल का क्या फायदा होगा। लेकिन विपक्ष इस बिल को लेकर अफवाह फैला रहा है। इस बिल को लेकर मुस्लिम भाइयों डराया जा रहा है। इस दौरान फिर गृह मंत्री अमित शाह ने कहा- अपनी संपत्ति का दान किया जाता है, सरकारी जमीन का नहीं, मंदिर या मस्जिद और चर्च सरकारी जमीन पर नहीं बन सकते हैं।

### इमरान मसूद बोले- ये विधायेक संविधान विरोधी



इस दौरान कांग्रेस सांसद और इमरान मसूद ने कहा, 'डब्ल्यूएएमएसआई पोर्टल का बार-बार जिक्र हो रहा था...10 साल बहुत लंबा समय होता है। आप 10 साल में सभी संपत्तियों का पंजीकरण नहीं कर सके...आप 10 साल में यह काम नहीं कर सके लेकिन अब आप कहते हैं कि संपत्तियों का पंजीकरण 6 महीने के भीतर करना होगा और अगर ऐसा नहीं किया जाता है, तो वे संपत्तियां अब वक्फ की नहीं रहेंगी। पंजीकरण कौन करेगा? आपके अधिकारी। जब यह 10 साल में नहीं किया जा सका तो 6 महीने में कैसे किया जाएगा? यह एक संविधान विरोधी विधेयक है।'

### अनुराग ठाकुर ने विधेयक को बताया एक उम्मीद



वहीं भाजपा की तरप से सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा - 'यह विधेयक नहीं बल्कि उम्मीद (एकीकृत वक्फ प्रबंधन सशक्तिकरण, दक्षता और विकास) है। इस उम्मीद में सशक्तिकरण, दक्षता और विकास है। इसे देखते हुए देश की जनता इसका समर्थन कर रही है। कैथोलिक बिशप कॉन्फ्रेंस ऑफ इंडिया, चर्च ऑफ भारत, केरल काउंसिल ऑफ चर्चेज और केरल कैथोलिक बिशप काउंसिल, ऑल इंडिया सूफी सज्जादानशीन काउंसिल और मुस्लिम राष्ट्रीय मंच जैसे कई संगठनों ने इसका समर्थन किया है। मैं इसके लिए उनका धन्यवाद करता हूं।

### कांग्रेस ने कहा- सभी विदेशियों को अपराधी मानने का दे रहा संदेश



राज्यसभा में कांग्रेस सांसद अभिषेक मनु सिंघवी ने आव्रजन और विदेशी विधेयक 2025 का जोरदार विरोध किया। उन्होंने कहा कि यह बिल ऐसा संदेश देता है जैसे भारत में आने वाला हर विदेशी संभावित अपराधी है, जिस पर शक किया जाना चाहिए। यह बिल 27 मार्च को लोकसभा में पास हो चुका है। कांग्रेस सांसद ने इसे संसद की स्थायी समिति के पास भेजने की मांग की। उनका कहना था कि यह कानून छोटे अधिकारियों को बहुत ज्यादा ताकत देता है, लेकिन इसमें अपील करने, निगरानी रखने और जवाबदेही तय करने की कोई उचित व्यवस्था नहीं है। अभिषेक मनु सिंघवी ने इस दौरान कहा, 'यह बिल सरकार के नियंत्रणवादी रवैये को दशार्ता है। यह विदेशियों के लिए डर का माहौल बनाने और उन पर निगरानी रखने का एक जरिया बन जाएगा।' उन्होंने आरोप लगाया कि यह कानून मानता है कि विदेशियों के पास भारतीय संविधान के तहत कोई अधिकार नहीं हैं, जो पूरी तरह गलत है।

# लोकसभा में वक्फ बिल पर चर्चा के दौरान गरजे शाह- और तीन टर्म बनेगी भाजपा सरकार





**नई दिल्ली ।** जनता ने तीन टर्म मोदी जी को चुना और तीन टर्म भारतीय जनता पार्टी की रहने वाली है। मैं इस बिल को लेकर किरेन रिजिजू को बधाई देना चाहता हूं।

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा - वक्फ मुस्लिम भाइयों के दान से बनाया ट्रस्ट है, उसमें सरकार कोई दखल नहीं करना चाहती है। मुतवल्ली भी उनका होगा, लाखों करोड़ों की भूमि और इनकम 126 करोड़ रुपया। विपक्ष पूछता है कि आय का क्या उद्देश्य है। आज आरजेडी के सारे सदस्य बोले- 2013 का जब संशोधन आया, तब लालू जी ने क्या कहा, ये कहा कि सारी जमीनें हड़प ली गई हैं। पटना में ही डाकबंगले की जितनी प्रॉपर्टी थी, सब पर बड़ी बिल्डिंग बन गई है। हम समर्थन करते हैं लेकिन चाहते हैं कि एक कड़ा कानून लाइए।

**'न्यायालयों के अधिकार क्षेत्र पर भी प्रतिबंध लगा दिए गए थे' :** इस दौरान सदन में गृह मंत्री अमित शाह ने कहा- 2013 में किया संशोधन सिर्फ पांच घंटे के बाद हुआ था, इस बार दोनों सदनों में 16 घंटे चर्चा हो रही है। इसे लेकर जो समिति भी बनाई गई, राज्य सरकारों के प्रतिनिधि आए, अध्ययन दौरे तीन किए गए। 92.68 लाख के करीब सुझाव ऑनलाइन आए आप ऐसे इसे खारिज नहीं कर सकते हो। यहां जो सदस्य हैं, वो किसी परिवार की कृपा से चुनकर नहीं आए हैं, एक सदस्य ने कहा है कि पुराने कानून में अपील का प्रावधान था। उसमें स्पष्ट था कि कोई भी निर्णय हो, अपील नहीं हो सकती, न्यायालयों के अधिकार क्षेत्र पर भी प्रतिबंध लगा दिए गए थे।

अभी फैशन है संविधान लहराने का, संविधान के हिसाब से कोई भी फैसला कोर्ट के दायरे से बाहर कैसे हो सकता है। आपने वोटबैंक के लिए ऐसा किया था, हम खारिज कर रहे हैं, ऐसा नहीं चलेगा। एक सदस्य ने कह दिया कि माइनॉरिटी इस कानून को स्वीकार नहीं करेगी, क्या धमका रहे हो भाई। संसद का कानून है, सबको स्वीकार करना पड़ेगा। गृह मंत्री ने कहा कि- विपक्ष अल्पसंख्यकों को भड़का रहा है। वक्फ मुस्लिम समुदाय का प्रतिनिधि निकाय नहीं है और ये बिल जन कल्याण के लिए है, वोटबैंक के लिए हैं।

**संबोधन के दौरान गृह मंत्री ने कहा- इनको न पिछड़ों की चिंता है, न मुसलमानों की, ये सालों से जातिवादी और तुष्टिकरण के आधार पर काम करते हैं। इसी आधार पर काम करके अपने परिवार की राजनीति बढ़ाई है। और मोदी जी की सरकार ने इसे खत्म करने का काम किया है।**

# केरल में पिछड़ी जाति के पुजारी ने छोड़ी नौकरी, जातीय भेदभाव होने का दावा



**तिरुवनंतपुरम ।** केरल के प्रसिद्ध कुदलमनिक्यम मंदिर के एक पिछड़ी जाति के कझकम (पुजारी) ने नौकरी से इस्तीफा दे दिया है। आरोप हैं कि इस पुजारी के साथ जातीय भेदभाव हुआ, जिसके चलते उसने नौकरी छोड़ी। बालू नामक पुजारी राज्य में मंदिरों का प्रबंधन करने वाले देवास्वम रिक्रूटमेंट बोर्ड का कर्मचारी था और बोर्ड ने ही उसे पुजारी की जिम्मेदारी के लिए मंदिर में नियुक्त किया गया था। बालू ने मंगलवार शाम को अपना इस्तीफा बोर्ड के अधिकारियों को सौंप दिया।

**पिछड़ी जाति से ताल्लुक रखता है नौकरी छोड़ने वाला पुजारी :** कझकम केरल में उन पुजारियों को कहा जाता है, जो भगवान की माला तैयार करने और अन्य पारंपरिक धार्मिक कामों को करते हैं। इस्तीफा देने वाला व्यक्ति बालू पिछड़ी जाति एझवा से ताल्लुक रखता है। इस घटना को लेकर एक बार केरल के मंदिरों में जातीय भेदभाव का मुद्दा गरमा गया है। इस मामले पर देवास्वम मंत्री वीएन वसावन ने बताया कि बालू की नियुक्ति नियमों के तहत हुई थी। उन्होंने कहा कि 'सरकार चाहती है कि बालू अपनी नौकरी पर वापस लौटे। हमने बालू को बताया कि सरकार उसकी हरसंभव मदद के लिए तैयार है, लेकिन इसके बावजूद उसने इस्तीफा दे दिया।'

### मंत्री ने बताया- निजी कारणों से दिया इस्तीफा

वीएन वसावन ने बताया कि बालू ने मांग की है कि उसे पुजारी की जिम्मेदारियों से मुक्त कर क्लर्क संबंधित काम दिया जाए तो वह अपने इस्तीफे पर विचार कर सकता है। देवास्वम बोर्ड ने साफ किया कि बालू ने निजी कारणों से इस्तीफा दिया ।

# पटाखा गोदाम में विस्फोट के बाद परिवार की खुशियां तबाह, छह सदस्यों के शव लेकर परिजन मध्य प्रदेश रवाना



**डीसा ।** गुजरात के बनासकांठा जिले में डीसा के पास अवैध पटाखा गोदाम में हुए भीषण विस्फोट में एक परिवार की खुशियां तबाह हो गईं। हादसे में एक ही परिवार के छह लोगों की मौत हो गई, जिनके शवों को लेकर परिजन बुधवार को मध्य प्रदेश के लिए रवाना हो गए।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, विस्फोट में कुल 21 लोगों की मौत हुई है। मृतकों में पांच बच्चे भी शामिल हैं, जो मध्य प्रदेश के देवास और हरदा जिलों के संदलपुर व हादिया के रहने वाले थे। उनके शवों को लेकर शव वाहन मध्य प्रदेश रवाना हो चुके हैं। चंद्रसिंह नायक ने खोये परिवार के छह सदस्य परिवार के छह सदस्यों को खोने के बाद चंद्रसिंह नायक ने अपना दर्द बयां किया। वह अहमदाबाद के ढोलका में एक प्लास्टिक फैक्ट्री में काम करते हैं।

नायक ने कहा कि मंगलवार सुबह दीपक ट्रेडर्स गोदाम में हुए विस्फोट में उसकी बेटी, दामाद, नाती राधा (3) और अभिषेक (10) की मौत हो गई। इसके अलावा, दामाद के परिवार के दो अन्य सदस्य भी हादसे की भेंट चढ़ गए। ये भी पढ़ें: टढः गुजरात ब्लास्ट में बच्चों समेत 18 की मौत, चार घायल, दो लापता, प्रदेश के दो जिलों से मजदूरी पर गए थे 24 लोग

बेटी-दामाद ने हाल ही में शुरू किया था काम नायक ने बताया कि बेटी और दामाद ने हाल ही में गोदाम में काम शुरू किया था। जबकि, बेटी की सास पहले भी वहां काम कर चुकी थीं। नायक ने रोते हुए बताया कि मृतकों में से 10 लोग संदलपुर के और 11 लोग हादिया के रहने वाले थे।

### 10 एंबुलेंस में भेजे गए मृतकों के शव

डीसा ग्रामीण पुलिस थाने के इंस्पेक्टर वीजी प्रजापति के अनुसार, मृतकों के शवों को एंबुलेंस से उनके गांव भेजा गया है। अब तक दो-दो ताबूतों वाली 10 एंबुलेंस शवों को लेकर रवाना हो चुकी हैं। उन्होंने बताया कि शव वाहन के साथ पुलिस वाहनों को भी भेजा गया है।

# पाथर प्रतिमा विस्फोट मामले में पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**कोलकाता ।** पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के पाथर प्रतिमा में हुए विस्फोट मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने बुधवार को मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। धमाके में आठ लोग मारे गए थे। मुख्य आरोपी चंद्रकांत बनिक पटाखा निर्माण इकाई का मालिक है। यह



इकाई उस घर से कुछ मीटर की दूरी पर स्थित है। यहां सोमवार देर रात विस्फोट हुआ था। बनिक के भाई की तलाश भी जारी सुंदरबन पुलिस जिले के एसपी कोटेश्वर राव ने पीटीआई को बताया, 'हमने विस्फोट के सिलसिले में मुख्य आरोपी चंद्रकांत बनिक को गिरफ्तार कर लिया है।' बनिक से पूरी रात पूछताछ की गई और बुधवार सुबह उसे गिरफ्तार कर लिया गया। इस सिलसिले में यह पहली गिरफ्तारी है, जबकि पुलिस बनिक के भाई की तलाश कर रही है, जो फरार है।

# अधूरा रह गया रिटायरमेंट डे डिनर का सपना, जानलेवा हादसे ने खत्म की लोको पायलट की आखिरी यात्रा



**रांची ।** झारखंड के साहेबगंज जिले में दो मालगाड़ियों के बीच आमने-सामने की टक्कर की खौफनाक यादें आज भी सभी के दिलों में ताजा हैं। इस हादसे में मारे गए एनटीपीसी के लोको पायलट गंगेश्वर मल 1 अप्रैल को रिटायर होने वाले थे। इससे पहले वे अपनी आखिरी यात्रा पर थे। उनका परिवार एक रिटायरमेंट डिनर की योजना बना रहा था। उनका इंतजार कर रहा था। अब शोक में डूबा हुआ है।

गंगेश्वर के परिवार के सदस्य पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में रहते हैं। उनके घर का नाम जियागंज निवास है। उन्होंने अपना दुख साझा करते हुए कहा कि उन्होंने डिनर में शामिल होने का वादा किया था। उनकी बेटी ने कहा कि 1 अप्रैल उनका आखिरी कार्य दिवस था, जिसके बाद उन्होंने अपनी पत्नी, बेटे और बेटी के साथ क्वालिटी टाइम बिताने की योजना बनाई थी।

उन्होंने कहा, 'हमने सुना है कि बाबा लौटते समय सिग्नल प्वाइंट पर इंतजार कर रहे थे, तभी विपरीत दिशा से आ रही एक अन्य मालगाड़ी के इंजन ने उनके लोको को सीधे टक्कर मार दी।' जब गंगेश्वर का शव झारखंड से उनके परिवार के सदस्य वापस ले जा रहे थे, तो उनकी बेटी ने दुख जताते हुए कहा था कि हमारी दुनिया उजड़ गई।

कैसे और कब हुई दुर्घटना इससे पहले झारखंड के साहेबगंज जिले में 1 अप्रैल यानी मंगलवार तड़के दो मालगाड़ियों के बीच हुई टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई थी। पुलिस के मुताबिक, बिजली कंपनी एनटीपीसी की ओर से संचालित दो ट्रेनों के बीच टक्कर बरहेट थाना क्षेत्र के भोगनाडीह के पास सुबह करीब तीन बजे हुई थी। जिस ट्रैक पर यह दुर्घटना हुई, वह भी एनटीपीसी के स्वामित्व में है और इसका इस्तेमाल मुख्य रूप से इसके बिजली संयंत्रों में कोयला परिवहन के लिए किया जाता है।

साहेबगंज के उप-मंडल पुलिस अधिकारी किशोर तिर्की ने पीटीआई को बताया था, 'आमने-सामने की टक्कर में दोनों मालगाड़ियों के चालक मारे गए।' पूर्वी रेलवे के प्रवक्ता कौशिक मित्रा ने कहा था, 'मालगाड़ी और ट्रैक दोनों एनटीपीसी के हैं। इसका भारतीय रेलवे से कोई लेना-देना नहीं है।' जिस लाइन पर यह दुर्घटना हुई।

# भारत में प्रेस की स्वतंत्रता पर बोले केंद्रीय मंत्री एल मुरुगन- विदेशी संगठनों के मंजूरी की जरूरत नहीं



**नई दिल्ली ।** सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री एल मुरुगन ने बुधवार को लोकसभा में प्रेस की स्तंत्रता और रैंकिग में गिरावट के तर्क पर उठाए जा रहे सवालों का जवाब दिया। उन्होंने कहा कि भारत में मीडिया स्वतंत्र और सक्रिय रूप से बिना किसी दबाव के काम कर रहें है, जिसे विदेशी संगठनों से मान्यता की जरूरत नहीं है। एल मुरुगन ने कांग्रेस सांसद के सुधाकरन के एक लिखित प्रश्न के जवाब में यह बात कही, जिन्होंने 2024 में वैश्विक प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक में भारत की रैंकिंग में गिरावट के बारे में सवाल पूछा था। मंत्री ने कहा भारत में सक्रिय मीडिया प्रणाली है, जिसे विदेशी संगठनों से मान्यता की आवश्यकता नहीं है। बता दें कि मुरुगन का यह बयान रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स (आरएसएफ) द्वारा पिछले साल प्रकाशित रिपोर्ट के बाद आया है, जिसमें भारत को पत्रकारों की स्वतंत्रता के मामले में 180 देशों में से 159वां स्थान दिया गया था।

**प्रेस की स्वतंत्रता और अधिकारों की रक्षा पर भी दिया जवाब :** केंद्र सरकार द्वारा प्रेस की स्वतंत्रता और पत्रकारों के अधिकारों की रक्षा के लिए उठाए गए कदमों के बारे में पूछे जाने पर, मंत्री ने बताया कि संविधान के अनुच्छेद 19 के तहत अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को सुरक्षित रखा गया है। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि भारत में एक मजबूत न्यायिक प्रणाली है जो संविधानिक प्रावधानों को लागू करने में मदद करती है। इसके साथ ही मंत्री ने यह भी बताया कि प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया (पीसीआई) प्रेस की स्वतंत्रता की रक्षा के लिए काम करता है और शारीरिक हमलों तथा पत्रकारों पर हमलों से संबंधित शिकायतों का समाधान करता है। इसके अलावा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में प्रेस की स्वतंत्रता केबल टेलीविजन नेटवर्क (विनियमन) अधिनियम, 1995 के तहत एक स्व-नियामक तंत्र के द्वारा सुनिश्चित की जाती है।

# ओडिशा में सीएम माझी ने 'शिशु वाटिका' पहल की शुरूआत की, पांच-छह साल के बच्चों को शिक्षा देना उद्देश्य



**भुवेनेश्वर ।** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने बुधवार को राज्य में नई शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के तहत 'शिशु वाटिका' नामक पहल की शुरूआत की। इसका उद्देश्य 5-6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को प्री-स्कूल शिक्षा प्रदान करना है। बता दें कि इस पहल की शुरूआत सरकारी स्कूलों में प्रवेश उत्सव के दौरान की गई, जहां नन्हे-मुन्नों बच्चों का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। उन्हें फूलों से सजाया गया और माथे पर पारंपरिक चंदन का टीका भी लगाया गया। इसके बाद बच्चों को 'खादी छूआन' (चॉक छूना) कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर मिला, जिसमें उन्होंने अपनी पहली बार स्लेट पर कुछ लिखने का प्रयास किया। पेशे से शिक्षक सीएम मोहन चरण माजी ने बच्चों के साथ मिलकर उनकी शिक्षा यात्रा शुरू करने में उनकी मदद की। सीएम को बडागडा हाई स्कूल में एक कक्षा के फर्श पर बैठकर एक बच्चे का हाथ पकड़कर उसे स्लेट पर 'शून्य' लिखने में मदद करते हुए देखा गया। इसके बाद, मुख्यमंत्री ने कक्षा 9 और 10 के छात्रों को मध्याह्न भोजन भी परोसा। ज्ञात हो कि ओडिशा राज्य सरकार ने अप्रैल 2025 से कक्षा 9 और 10 के छात्रों के लिए मध्याह्न भोजन योजना की शुरूआत की है, जिसका उद्देश्य छात्रों को बेहतर पोषण प्रदान करना है। सीएम ने बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने पर दिया जोर मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने कहा कि राज्य सरकार ओडिशा के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि शिशु वाटिका पहल बच्चों के लिए एक मजबूत और आत्मनिर्भर भविष्य बनाने में मदद करेगी। साथ ही उन्होंने बताया कि यह पहल ओडिशा की भाषा, साहित्य, संस्कृति, पारंपरिक भोजन और अन्य जीवनशैली के पहलुओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'ओडिया पक्ष' के अंतर्गत भी मनाई जा रही है। सीएम ने लोगों से की अपील अंत में मुख्यमंत्री ने सभी से अपील की कि वे इस कार्यक्रम में शामिल होकर बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में योगदान दें। उन्होंने कहा कि शिशु वाटिका पहल से बच्चों को एक अच्छा शैक्षिक आधार मिलेगा, जिससे उनका भविष्य बेहतर होगा।

ओडिशा दिवस पर पीएम मोदी ने दी थी शुभकामनाएं इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को ओडिशा दिवस की लोगों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि हमें ओडिशा के इतिहास, साहित्य और संगीत पर गर्व है। सोशल मीडियचा प्लेटफॉर्म एक्स पर पीएम मोदी ने पोस्ट करते हुए कहा कि ओडिशा के लोगों को उत्कल दिवस की शुभकामनाएं। उन्होंने कहा कि यह दिन ओडिशा की गौरवशाली संस्कृति को सम्मानित करता है। साथ ही पीएम मोदी ने ओडिशा के लोगों को मेहनती बताते हुए उनकी प्रशंसा भी की।

# ब्रिटिश नागरिकों की हत्या के मामले में छह आरोपी बरी, हाईकोर्ट ने सत्र अदालत का आदेश बरकरार रखा



**अहमदाबाद ।** गुजरात उच्च न्यायालय ने सत्र अदालत के फैसले को बरकरार रखते हुए साल 2002 के दंगों के दौरान तीन ब्रिटिश नागरिकों की हत्या के मामले में छह आरोपियों को बरी कर दिया। जस्टिस एवाई कोगजे और जस्टिस समीर जे दवे की खंडपीठ ने यह आदेश पारित किया। यह आदेश 6 मार्च को दिया गया था और अब यह उपलब्ध हुआ है। उच्च न्यायालय ने गवाहों और जांच अधिकारी की गवाही पर विचार किया और कहा कि उनके पास सत्र अदालत के फैसले में दखल देने का कोई आधार नहीं है।

**उच्च न्यायालय ने इस आधार पर किया आरोपियों को बरी :** इससे पहले 27 फरवरी 2015 को साबरकांठा की सत्र अदालत ने आरोपियों को हत्या के मामले में बरी करने का आदेश दिया था। इस आदेश के खिलाफ उच्च न्यायालय में अपील दायर की गई। अब उच्च न्यायालय ने भी आरोपियों को बरी करने का आदेश दिया है। सत्र अदालत ने अपने आदेश में माना कि एफआईआर रिपोर्ट में आरोपियों के हुलिये को लेकर लंबाई, कपड़े और उम्र को लेकर ही जानकारी दी गई थी। अदालत ने सिर्फ इस आधार पर आरोपियों को दोषी मानने से इनकार कर दिया। अब उच्च न्यायालय ने भी सत्र अदालत के तर्क को सही माना है और कहा कि सिर्फ इस आधार पर दोषी नहीं माना जा सकता।

शिकायत के अनुसार, इमरान मोहम्मद सलीम दाऊद ने बताया कि 28 फरवरी 2002 को वह और उसके दो चाचा सईद शफीक दाऊद, शकील अब्दुल दाऊद और एक अन्य मोहम्मद नल्लाभाई अब्दुलभाई असवार, तीनों ब्रिटिश नागरिक थे, आगरा और जयपुर से घूमकर लौट रहे थे। उनके साथ ड्राइवर यूसुफ भी था। शाम करीब छह बजे लोगों की एक भीड़ ने उनके वाहन पर हमला किया और उनके वाहन को आग लगा दी। हमले में ड्राइवर और असवार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सईद शफीक और शकील अब्दुल की बाद में इलाज के दौरान मौत हो गई।

सुप्रीम कोर्ट ने साल 2003 में गुजरात सरकार से एक विशेष जांच टीम बनाकर गुजरात दंगों से जुड़े नौ मामलों की जांच सौंपने का आदेश दिया था। इनमें ब्रिटिश नागरिकों की हत्या का भी मामला था। दिसंबर 2008 में एसआईटी ने बयान दर्ज किए और 2009 में सत्र अदालत ने छह आरोपियों के खिलाफ आरोप तय किए थे।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। गुरुवार 03 अप्रैल -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

करंट क्राइम ट्वीट का करंट

Pandit R D Sharma
23h ·

ज़िन्दगी मोहताज नही मजिंलो की..
वक़्त हर मंज़िल दिखा देता है..



# वक्फ बिल को लेकर सांसद अतुल गर्ग और मंत्री सुनील शर्मा ने जताया हर्ष

## कहा- इस बिल के पास होने से मुस्लिम समाज के लोगों का ही सबसे ज्यादा होगा कल्याण




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** वक्फ बोर्ड के नियमों को लेकर जो बदलाव आए हैं, उनका कितना असर होगा और जनप्रतिनिध इसे किस नजरिये से देखते हैं, इसको लेकर दैनिक करंट क्राइम ने लोकसभा सांसद अतुल गर्ग और कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा से बात की। दोनों जनप्रतिनिधियों ने इस विषय पर अपनी-अपनी राय रखी। उन्होंने इसे जनकल्याणकारी और विशेष रूप से मुस्लिम वर्ग के लिये कल्याणकारी कानून बताया।

### विपक्ष बहका रहा है और कानून मुस्लिमों के लिये सर्वश्रेष्ठ : अतुल गर्ग



**(करंट क्राइम)।** लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि इस बिल को लेकर संसद में चर्चा जारी है। उन्होंने कहा कि वक्फ बोर्ड बिल आने के बाद लोगों को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि विपक्ष एक बार फिर गुमराह कर रहा है। उन्होंने बताया कि 2013 में कांग्रेस ने वक्फ बोर्ड बिल को पास नहीं होने दिया था। वक्फ बोर्ड को तभी ये अधिकार मिला था कि वो किसी भी जमीन को अपनी जमीन बताते हुए दावा कर सकता है और जिस जमीन पर वक्फ दावा करेगा, उस जमीन के मालिक की ये जिम्मेदारी होगी कि वो ये साबित करें कि वक्फ का दावा गलत है। जबकि वक्फ सिर्फ दावे मात्र से ही मिल्कियत हासिल कर लेगा। सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि अब वक्फ की सम्पत्ति की मॉनिटरिंग और देखभाल पूरी टीम करेगी। इसमें सरकारी अधिकारी भी शामिल होंगे। एक बोर्ड बनेगा और वक्फ की संपत्तियों की देखभाल बोर्ड करेगा। जबकि वक्फ के इबादतगाहों में धार्मिक कार्यक्रमों की जिम्मेदारी मुस्लिम समाज के लोग करेंगे। उन्होंने कहा कि इस देखभाल में सरकारी अधिकारी नहीं रहेंगे। इस बिल के बाद कई वक्फ संपत्ति जांच के दायरे में आएंगी। वैसे भी ये कहा जाता है कि वक्फ से सरकार को 1200 करोड़ की आय होनी चाहिए लेकिन केवल 106 करोड़ रुपए की आय हो रही है। अब जो नया बिल बनेगा उसके बाद वक्फ की आय भी बढ़ेगी और इस बढ़ी हुई आय का फायदा मुस्लिम समाज के लोगों को मिलेगा। सांसद अतुल गर्ग इस बिल का विरोध करने पर विपक्ष पर ही आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि विपक्ष केवल बहका रहा है। उसके नेता झूठ बोल रहे हैं।

### भू-माफियाओं से जमीन को बचाने का काम नए कानून करेंगे : सुनील शर्मा



**करंट क्राइम।** कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने वक्फ बिल को लेकर अपनी राय रखी और इसके लिये उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का आभार व्यक्त किया। सुनील शर्मा ने कहा कि वक्फ बोर्ड पर आ रहे इस बिल के बाद राष्ट्रहित में काम होगा। उन्होंने कहा कि हम प्रधानमंत्री-गृहमंत्री के साथ-साथ इस बिल का समर्थन करने वाले सभी सांसदों का आभार व्यक्त करते हैं। यह राष्ट्रहित और जनहित में लिया गया फैसला है। उन्होंने कहा कि इस नये कानून के बाद भू-माफियाओं के कब्जे से जमीन को बचाने का काम होगा। सरकार जमीन को अवैध कब्जे से मुक्त कराया जाएगा। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि सबसे बड़ी बात ये है कि इस फैसले से मुस्लिम समाज के लोगों को विशेष रूप से लाभ होगा। वक्फ अब किसी भी जमीन पर अपना दावा नहीं कर सकता है। इसके लिये उसे भी पर्याप्त साक्ष्य जुटाने होंगे। देश में कई लाख वर्ग मीटर जमीन ऐसी है जिसकी जांच कराई जानी जरूरी है और यह कानून देश के करोड़ों मुस्लिमों को लाभ देगा।

# लोनी विधायक नंद किशोर गुर्जर ने की लखनऊ में डिप्टी सीएम से मुलाकात

## लोनी मामले से जुड़ीं सीडी और तस्वीरें सौंपी डिप्टी सीएम और की कार्रवाई की मांग

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** लोनी विधायक नंद किशोर गुर्जर अभी फटे कुर्ते के साथ ही हैं। वो अपने फटे कुर्ते के साथ लखनऊ में डिप्टी सीएम बृजेश पाठक से मिले। उन्होंने उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक से जब मुलाकात की तो यहां उन्होंने डिप्टी सीएम को बताया कि लोनी में श्रीराम कथा की कलश यात्रा पर गाजियाबाद पुलिस ने अभद्रता की और श्रीराम चरित मानस का अपमान किया। विधायक नंद किशोर गुर्जर ने लोनी मामले में महिलाओं से अभद्रता और पुलिस की बर्बरता से जुड़ी तस्वीरें और सीडी भी उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक को सौंपी। यहां उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने लोनी विधायक नंद किशोर गुर्जर को आश्वस्त किया कि श्रीराम भक्तों पर बर्बरता करने वाले सभी दोषियों पर कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। जिससे भविष्य में कोई भी श्रीराम भक्तों पर लाठी बरसाने और श्रीराम चरित मानस का अपमान करने की सोच भी ना सके। लोनी विधायक नंद किशोर गुर्जर ने लखनऊ में इस मुलाकात के फोटो भी साझा किये। गौरतलब है कि यहां वो अब इस मामले पर दूसरे डिप्टी सीएम से भी मिल चुके हैं। इससे पहले वो इस घटना के बाद डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य से मिले थे। उन्होंने भी इस घटना पर दुख जताते हुए विधायक नंदकिशोर गुर्जर को सपोर्ट किया था। अब लखनऊ में दूसरे डिप्टी सीएम बृजेश पाठक थे, विधायक नंद किशोर गुर्जर ने मुलाकात की और उन्होंने भी दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की बात की और विधायक नंद किशोर गुर्जर का समर्थन किया।



# मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने समरकूल के डायरेक्टर आशुतोष गुप्ता व तनुज गुप्ता को किया सम्मानित




**गाजियाबाद करंट क्राइम।** बुद्धवार को मध्यप्रदेश में एक कार्यक्रम में समरकूल ग्रुप के डायरेक्टर आशुतोष गुप्ता व तनुज गुप्ता को एयर कूलर के उत्पादन क्षेत्र में अपनी विशेष पहचान बनाने के लिए मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने इंडस्ट्री एक्सीलेंस अवॉर्ड देकर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में देश की कई बडी कंपनीयों ने सहभागिता की तथा मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने अपने संबोधन में कहा कि हमारी सरकार मध्यप्रदेश में नयें उधोग लगाने के लिए आप सभी का आवाहन करती है। क्योंकि मध्यप्रदेश में डबल इंजन की सरकार के द्वारा उधोग जगत के लिए अनुकूल परिस्थितियों के साथ साथ उनकी सभी जरूरतों का समाधान सिंगल विंडो सिस्टम के द्वारा ही किया जा रहा है। इस अवसर पर समरकूल ग्रुप के डायरेक्टर आशुतोष गुप्ता ने दैनिक भास्कर और मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव का धन्यवाद करते हुए कहा कि समरकूल देश में आज तेजी से ग्रोथ कर रहा है। जिसके कारण हम उत्तर प्रदेश के साथ साथ मध्यप्रदेश में भी समरकूल ग्रुप के विस्तार की योजना पर काम कर रहे हैं।

# हाई प्रोफाइल कार्यक्रम के चलते शहर हो गया जाम, लोग हुए परेशान

## हापुड़ चुंगी, पुराने बस अड्डा, डायमंड फ्लाईओवर, शास्त्री नगर चौराहा, नेहरू नगर फ्लाईओवर पर परेशान रहे लोग

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** बुधवार को गाजियाबाद में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भारतीय जनता पार्टी के प्रमुख चहरों की समन्वय बैठक हुई। बैठक को लेकर जहां सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम थे, तो वहीं शहर के कई इलाकों में रूट डॉयवजन के साथ ही मुख्यमंत्री के आने और जाने के समय लंबे समय तक वाहनों की रफ्तार रोक दी गई। वाहनों की रफ्तार रुकने से सुबह करीब 10:30 से लेकर 11:30 बजे और दोपहर में 2:30 बजे से लेकर 4:00 के बीच कई इलाकों में शहरभर में जाम की स्थिति रही। गर्मी व तेज धूप के बीच जाम होने की वजह से जहां सुबह लोगों को अपने कार्यालय और आवश्यक कार्यों के लिए पहुंचने में देरी हुई, तो दोपहर को भी या सिलसिला जारी रहा।




### नेहरू नगर मुख्य मार्ग में पैदल निकलने पर भी लोग हुए परेशान

**करंट क्राइम :** नेहरू नगर में रहने वाले लोगों के लिए सरस्वती विद्या मंदिर के मुख्य मार्ग और यशोदा अस्पताल वाली रोड पर आना और जाना बुधवार को बेहद चुनौती पूर्ण रहा। सुरक्षा का कड़ा पहरा होने की वजह से और जगह-जगह यातायात पुलिस की तैनाती होने की वजह से लोग यहां से नहीं निकल पा रहे थे। साथ ही पैदल जाने वाले लोगों को भी सुरक्षा का हवाला देते हुए दूसरे रास्तों से रवाना किया जा रहा था। हालांकि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के दौरान तीन बार मरीज को लेकर आई एंबुलेंस को यातायात पुलिसकर्मियों ने निकाला तो कई बार अन्य वाहनों को वहां से हटाया भी गया।

### स्कूली बच्चे गर्मी में हुए परेशान, तो परिजन थे देरी से बेचैन

**करंट क्राइम :** वीआईपी और हाई प्रोफाइल कार्यक्रम होने की वजह से बुधवार को गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट के सिटी जोन और ट्रांस हिंडन जोन में यातायात व्यवस्था पूरी तरीके से बिगड़ गई। जैसे ही रूट डायवर्जन और यातायात रोका गया तो लोग जाम में फंस गए। दोपहर के समय जब ढाई बजे से लेकर 4:00 के बीच कई स्थानों पर ट्रैफिक रोक दिया गया, तो इस दौरान स्कूलों की छुट्टी होने के बाद जो बच्चे अपने घर पहुंचने थे, वह देरी से पहुंचे। कई जगह जाम में फंसे रहे तो सुरक्षाकर्मी भी सुरक्षा का हवाला देकर स्कूल बस और वाहनों को निकालने नहीं दे रहे थे। तो वहीं घरों में इंतजार कर रहे उनके परिजन परेशान हो रहे थे। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के नेता एसपी सिंह ने भी सोशल मीडिया पर एक पोस्ट की जिसमें उन्होंने बच्चों के देरी से घर पहुंचने और गर्मी में धूप में भूख से परेशान होने का जिक्र किया।






# एनसीआर बोर्ड प्रस्ताव को लेकर सांसद अतुल गर्ग ने की थी मुझसे बात

## व्हॉट्सएप चैट पर भेजे थे सुझाव और मैंने किया था प्रस्तावों को पासः सुनील शर्मा

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** दिशा की बैठक से लेकर एनसीआर बोर्ड की बैठक तक कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा का गैर हाजिर होना कई चचाओं को जन्म दे रहा है। भगवा गढ़ में पहले से ही चर्चा दो पावर सेंटर की चल रही है और ऐसे में अगर लोकसभा सांसद की अध्यक्षता वाली बैठक में साहिबाबाद विधायक ना पहुंचे तो सवाल उठते हैं। एनसीआर बोर्ड के पास जब लोकसभा सांसद अतुल गर्ग विकास के प्रस्ताव लेकर गए तो मोदीनगर की विधायक डॉ. मंजू शिवाच उनके साथ गईं। मेयर सुनीता दयाल उनके साथ गईं। मुरादनगर विधायक गए, शहर विधायक गए, लेकिन साहिबाबाद विधायक नहीं गए। इससे पहले साहिबाबाद विधायक सुनील शर्मा ने ये कहा था कि दिशा की बैठक में उन्होंने अपनी तरफ से कोई प्रस्ताव नहीं भेजा। इसका कारण बताते हुए उन्होंने कहा था कि उनकी विधानसभा में ऑलरेडी बहुत विकास हो रहा है, मगर जब मंगलवार को दिल्ली में एनसीआर वाली बैठक में साहिबाबाद विधायक सुनील शर्मा दिखाई नहीं दिये तो फिर पावर सेंटर में दूरियों के एंटर की बात ने चर्चा पकड़ी। इन सबके बीच दैनिक करंट क्राइम ने साहिबाबाद विधायक और प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा से बात की।



क्या वास्तव में कोई दूरी है जो हर बैठक में आप नहीं पहुंच पा रहे हैं। इस सवाल के जवाब में साहिबाबाद विधायक और कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि कोई दूरी नहीं है। उन्होंने कहा कि जब दिशा की बैठक हुई थी तो मैं जिले में नहीं था और जब एनसीआर बोर्ड में गाजियाबाद के जनप्रतिनिधि पहुंचे तो मैं उस दिन लखनऊ में था। उन्होंने कहा कि मैं विधायक होने के साथ-साथ प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री भी हूं। मेरे पास कुछ शासकीय दायित्व हैं, जिनका पालन करने के लिये मुझे लखनऊ में होना पड़ता है। उन्होंने कहा कि रही बात एनसीआर बोर्ड की तो मुझसे लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने राय-मशविरा किया था। उन्होंने मुझसे व्हॉट्सएप चैट पर प्रस्ताव भी भेजे और संशोधन भी पूछा था। जब मैंने ही प्रस्ताव को ओके किया तब उन्होंने इन प्रस्तावों को दिल्ली में रखा।

उन्होंने कहा कि व्हॉट्सएप चैट पर प्रस्ताव भेजकर मुझसे लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने ये पूछा था कि इन प्रस्तावों में कोई संशोधन होना हो तो अवगत करा दें। मैंने प्रस्तावों पर सहमति जताई थी। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि एनसीआर बोर्ड में मेरी विधानसभा के लिये भी प्रस्ताव रखे गए। उन्होंने कहा कि रिवर फ्रंट मेरी विधानसभा में आता है और मोहननगर जोन में पानी का मामला भी मेरी ही विधानसभा क्षेत्र में आता है। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने किसी भी दूरी से इनकार किया और कहा कि हर प्रस्ताव पर मुझसे राय ली गई थी और उसी के बाद प्रस्ताव रखे गए, इस तरह से मैं लखनऊ में होकर भी अपने प्रस्तावों के जरिये दिल्ली वाली बैठक में था और क्षेत्र के मुद्दों को रखा भी है।

# भाजपा की पोलिटिक्स से आउट ऑफ कवरेज एरिया हो रहे हैं कई चेहरे

## एक तरफ चला कुनबा एक्सटेंशन और दूसरी तरफ पुराने चेहरों की बंध गई पेंशन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** वैसे तो राजनीति में हर वर्ग का एक दौर होता है। लेकिन राजनीति में ये भी होता है कि एक पीढी संघर्ष करती है और उसका ये अरमान होता है कि जब उनकी पार्टी सत्ता में आयेगी तो वो भी सफलता के आसमान पर होंगे। उन्हें ये विश्वास होता है कि पार्टी उनकी वरिष्ठता का, पार्टी उनके संघर्ष का और उनके समर्पण का ध्यान रखेगी। लेकिन बात अगर भाजपा की करें तो यहां भाजपा ने अपना कुनबा तो बढ़ाया लेकिन उसने अपने कई ऐसे चेहरों को बिना कुछ कहे उपेक्षित कर दिया जिनकी एक अपेक्षाएं थी। बताते हैं कि पहले ये चेहरे पार्टी के कार्यक्रमों में आते-जाते भी थे। लेकिन फिर धीरे धीरे कुछ ऐसा हुआ कि इन चेहरों ने अपनी आवाजाही बंद कर दी। नए चेहरे आने लगे, नए चेहरों को मौका मिलने लगा और जब नए चेहरों को प्रदेश वाली कमान से लेकर मंत्रालय तक मिले तो फिर पुराने चेहरों ने इस बात को समझ लिया कि अब उनकी सियासत का सूरज अस्त हो रहा है।

अगर हम भाजपा की सियासत पर गौर करें तो यहां कई चेहरे बिना कुछ कहे ही आउट ऑफ कवरेज एरिया हो रहे हैं। अब ये चेहरे किसी से कुछ कहते भी नहीं और बहुत ज्यादा एक्टिव रहते भी नहीं। वजह भी है कि प्रदेश में पांच साल पहले भी थे और तीन साल अब बीत गये। लेकिन इंतजार जारी है। केन्द्र की बात करें तो वर्ष 2014 से लगातार भाजपा सरकार है। सरकारी घोषणाएं भी हो चुकी। एमएलसी वाले चुनाव भी हो चुके। लेकिन कृपा का बादल इन चेहरों पर नहीं बरसा। अगर भाजपा में आउट ऑफ कवरेज एरिया चेहरों की बात करें तो पूर्व सांसद रमेश चंद तोमर अब उतने ज्यादा एक्टिव नहीं रह गये हैं।



चार बार के सांसद रहे हैं। संगठन के पुराने खिलाड़ी हैं। लेकिन अब उन्होंने भी अपनी एक्टिविटी और कनैक्टिविटी पर थोड़े ब्रेक खुद ही लगाये हैं। भाजपा के आउट ऑफ कवरेज एरिया वाले चेहरों की बात करें तो यहां विजय मोहन भी अब कम ही निकलते हैं। इन चेहरों की पार्टी के प्रति निष्ठा और समर्पण को लेकर कोई संदेह नहीं है लेकिन ये चेहरे खुद ही आउट ऑफ कवरेज एरिया हो गये। पुराने चेहरों में सरदार एसपी सिंह भी अब पार्टी के कार्यक्रमों में कम दिखाई देते हैं। एक लंबे समय तक उन्होंने अल्पसंख्यक आयोग का पूर्व सदस्य लिखकर काम चलाया। उसके बाद एक फाउंडेशन से भी जुड़े। लेकिन राजनीति में उनके हिस्से कोई मुकान नहीं आया है और अब वो भी आउट ऑफ कवरेज एरिया हो गये हैं। मास्टर अमरदत्त शर्मा भी अब कार्यकर्ता वाले रोल में हैं और वो भी आउट ऑफ कवरेज एरिया वाली रेंज में आते हैं। बड़े चेहरों की बात करें तो पूर्व मेयर अशु वर्मा भी अब खुद की सियासी पारी फेसबुक पर ही खेल रहे हैं। मंदिर जाने वाली पोस्ट से लेकर हिंदुत्व वाली पोस्ट से वो अपनी राजनीति कर रहे हैं।

उपचुनाव हुआ तो पार्टी ने संयोजक बना दिया और इसके बाद एक तरह से घर बिठा दिया। यहां पर पूर्व मेयर आशा शर्मा भी अब राजनीति के फलक पर हाशिये पर हैं। पुरानी कार्यकर्ता हैं, राष्ट्रीय टीम में रहीं हैं। दो बार पार्षद रहीं हैं और एक बार मेयर रही हैं। लेकिन अब वो यदा-कदा कार्यक्रमों में दिखाई देती हैं। आउट ऑफ कवरेज एरिया वाले चेहरों की बात करें तो पूर्व विधायक कृष्णवीर सिरोही का नाम भी आता है। खुद विधायक रहे चुके कृष्णवीर सिरोही हालही में दिशा की बैठक में मौजूदा विधायक के प्रतिनिधि बन कर पहुंचे।

एक पूर्व विधायक ही जब मौजूदा विधायक का प्रतिनिधि एक बैठक के लिए बनने को तैयार हो तो ये स्थिति समझी जा सकती है। अगर पुराने चेहरों की बात करें तो यहां पृथ्वी सिंह कसाना का नाम भी आता है। एक लंबा अरसा उन्हें इंतजार देखते हुए हो गया है। अब उन्होंने भी खुद को अपने दायरे में समेट लिया है। अब वो भी सियासी कार्यक्रमों में कम ही निकलते हैं। हाशिये की बात करें तो यहां बृजपाल तेवतिया भी इसी दौर से गुजर रहे हैं। गोली कांड के बाद से जहां सुरक्षा कारणों से उन्होंने खुद को सीमित किया वहीं पार्टी ने भी उनके अवसरों को सीमित कर दिया। संगठन से लेकर सरकारी कृपा की होप भी खत्म हो रही है। अगर लंबी पारी खेलने के बाद हाशिये की बात करें तो यहां पूर्व पार्षद अनिल स्वामी का नाम भी आता है। नगर पालिका से लेकर नगर निगम तक एक लंबी पारी खेली। भाजपा की लहर में वो चुनाव हार गये और अब उन्होंने भी अपना सियासी दायरा कम कर दिया है। नगर निगम की बात करें तो यहां पूर्व पार्षद राजेन्द्र त्यागी भी अब केवल पत्र लिखकर कभी मेयर को सुझाव देते हैं।

कभी सरकार को सुझाव देते हैं। ये अलग बात है कि उनके सुझावों पर निगम वाले कितना ध्यान देते हैं। सियासी गतिविधियों में अब राजेन्द्र त्यागी भी उतने एक्टिव नजर नहीं आते। पार्षदों में पूर्व पार्षद हिमांशु लव भी अब भाजपा के सियासी कवरेज से आउट हैं। वो पंजाबी चैनल चलाकर आवाज उठा रहे हैं। वो फेसबुक पर मुद्दों को उठाते हैं। शिकायती पत्र भी लिखते हैं लेकिन भाजपा वाली सियासत में वो अब धीरे धीरे साईड में हो रहे हैं। अगर व्यापारी नेताओं की बात करें तो अजय गुप्ता का नाम भी आता है। हालांकि अजय गुप्ता ने खुद ही अपने आपको सियासी गतिविधियों से थोड़ा दूर किया है। वो खुद को अब नेता लिखते भी नहीं है अब वो खुद को जनसेवक लिखते हैं। भाजपा की सियासी हाशिये पर उनका भी नाम है। सूधन रावत भाजपा में आये और आने के बाद कहां हैं, खुद भाजपा वालों को नहीं पता। कई कार्यक्रम हुए लेकिन सूधन रावत उनमें दिखाई नहीं दिये। वो भी भाजपा के सियासी रडार से आउट चल रहे हैं।

इसी तरह कई महिला चेहरे भी ऐसे हैं जो अब वीआरएस वाले मोड में हैं। भाजपा के ये समर्पित चेहरे अब दिखाई नहीं देते। इनके भीतर भाजपा है ये पूरी तरह भाजपाई हैं। इसमें कोई शक नहीं है लेकिन इन चेहरों ने खुद ही दूरी बनाई और खुद ही आउट ऑफ कवरेज एरिया हो गये।

ऐसे ही वैश्य समाज, जाट समाज, गुर्जर समाज, पंजाबी समाज के भी कई चेहरे हैं जो एक लंबे समय तक भाजपा के साथ जुड़े रहे। अब ये चेहरे आउट ऑफ कवरेज एरिया हैं। आउट ऑफ कवरेज एरिया होने वालों में कई पूर्व जनप्रतिनिधि भी हैं और कई पूर्व संगठन पदाधिकारी भी हैं। कभी ये चेहरे एक क्रान्तिकारी अंदाज के साथ भाजपा के हर सियासी आगाज में जिंदाबाद करते दिखाई देते थे। मगर अब ये चेहरे आउट ऑफ कवरेज एरिया हो गये।

## संपादकीय

# अब कृषि विपणन पर नजर

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने हाल ही में ह्यकृषि विपणन पर राष्ट्रीय नीति प्रारूपह्न का मसौदा जारी किया और उस पर सार्वजनिक टिप्पणियां और सुझाव आमंत्रित किए। कृषि उत्पादन और उत्पादकता में बीते वर्षों में काफी सुधार हुआ है लेकिन कृषि विपणन समय के साथ बेहतर नहीं हो सका है। ऐसे में कृषि सुधारों को केवल कारक बाजार सुधार तक सीमित नहीं रहना चाहिए बल्कि इसमें विपणन संबंधी दिक्कतें दूर करने की कोशिशों को भी शामिल किया जाना चाहिए। इससे सभी हितधारकों को लाभ होगा। इनमें किसान और उपभोक्ता भी शामिल हैं। इस संदर्भ में मसौदा नीति को समूचे भारत में एकरूप व्यवस्था के अंतर्गत कृषि उपज के गतिरोध मुक्त व्यापार की जरूरत पर ध्यान देना चाहिए।

कृषि उपज विपणन समिति यानी एपीएमसी के अधीन राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में कुल 7,057 विनियमित थोक बाजार स्थापित किए गए। बहरहाल, इन बाजारों का औसत घनत्व देखें तो 407 किलोमीटर क्षेत्र में एक बाजार है। यह 80 वर्ग किलोमीटर में एक बाजार के मानक से काफी कम है। इतना ही नहीं, 23 राज्यों और चार केंद्रशासित प्रदेशों के 1,410 बाजार इलेक्ट्रॉनिक-नैशनल एग्रीकल्चर मार्केट यानी ई-नाम नेटवर्क से जुड़े हैं। जबकि 1,100 से अधिक बाजार सक्रिय नहीं हैं। करीब 450 बाजारों में बहुत कम या न के बराबर अधोसंरचना है और वे प्रतिकूल परिस्थितियों में काम कर रहे हैं। इस संबंध में मसौदा नीति ने कृषि-उपभोक्ता बाजारों की पहुंच बढ़ाने जैसे उपायों का प्रस्ताव रखकर सही किया है ताकि किसान अपने उत्पादों को सीधे खुदरा ढंग से ग्राहकों को बेच सकें। खासतौर पर पहाड़ी और पूर्वोत्तर के इलाकों में ग्रामीण हाटों को ग्रामीण कृषि बाजारों में बदलकर तथा जिला और राज्य स्तर पर कृषि प्रसंस्करण और नियातोन्मुखी सुविधाएं मजबूत करके ऐसा किया जा सकता है। सूचना की विषमता को कम करने और पारदर्शिता लाने के लिए विपणन प्रक्रिया को डिजिटल बनाने की कोशिश में इस नीति में ई-नाम को एपीएमसी बाजारों से आगे सार्वजनिक और निजी खरीद केंद्रों तथा ग्रामीण हाटों तक समेकित और विस्तारित करने की भी सिफारिश की गई है। इससे भी अहम, नीति में निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाने की बात कही गई है। खासतौर पर निजी-सार्वजनिक भागीदारी के क्षेत्र में ऐसा करके एपीएमसी बाजारों में अधोसंरचना की कमी को दूर किया जा सकता है और साथ ही राज्यों के कृषि विपणन मंत्रियों की एक अधिकारप्राप्त कृषि विपणन सुधार समिति बनाने की भी आवश्यकता है। ताकि राज्यों को एपीएमसी अधिनियम के सुधार वाले प्रावधानों को अपनाने के लिए प्रेरित किया जा सके। कुछ किसान संगठनों ने यह चिंता जताई है कि निजी क्षेत्र की भागीदारी में इजाफा ऐसे एकाधिकार को जन्म देगा जो किसानों को नुकसान पहुंचाएगा और उनकी मोल भाव की क्षमता को छीन लेगा। बहरहाल, थोक खरीदारों द्वारा किसानों से कृषि उपज की सीधी खरीद यानी बिना सरकार द्वारा अधिसूचित मंडियों के या विभिन्न शुल्क चुकाए बिना सीधी खरीद दीर्घावधि में कारोबारी शर्तों को किसानों के पक्ष में ही करेगी।

# भारत के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि मार्च में 8 महीने के उच्चतम स्तर पर

**नई दिल्ली।** भारत के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर मार्च में बढ़कर आठ महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गई है। बाजार में बेहतर मांग के कारण कारखाना ऑर्डर और उत्पादन बढ़ने से वृद्धि दर में इजाफा हुआ है। बुधवार को जारी पीएमआई के मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई है। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया मैन्युफैक्चरिंग परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) मार्च में 58.1 पर पहुंच गया। यह आंकड़ा फरवरी में 56.3 था। फरवरी में, नए ऑर्डरों और उत्पादन में धीमी वृद्धि के बीच भारत का विनिर्माण पीएमआई 14 महीने के निचले स्तर पर आ गया था। पीएमआई की भाषा में, 50 से ऊपर का अंक विस्तार को दशार्ता है, जबकि 50 से नीचे का अंक संकुचन को दशार्ता है। आंकड़ों के अनुसार, भारत में विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि ने फरवरी में खोई हुई जमीन वापस हासिल कर ली है।



### तैयार माल के स्टॉक में तेज गिरावट

बढ़ती मांग के कारण कंपनियों को ग्राहकों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए अपने भंडार का उपयोग करना पड़ा। जिसके असर से जनवरी 2022 के बाद से तैयार माल के स्टॉक में सबसे तेज गिरावट आई। सर्वेक्षण में शामिल प्रतिभागियों ने बताया कि अनुकूल मांग स्थितियों, बेहतर ग्राहक संबंधों और अनुमोदन के लिए लंबित परियोजनाओं के आधार पर आगामी 12 महीनों में उत्पादन स्तर के लिए आशावादी पूर्वानुमान व्यक्त किया जा सकता है। भंडारी ने कहा, आगे की ओर बढ़ते हुए, व्यावसायिक उम्मीदें काफी आशावादी बनी हुई हैं, सर्वेक्षण प्रतिभागियों में से लगभग 30 प्रतिशत ने आगामी वर्ष में अधिक उत्पादन की उम्मीद जताई है, जबकि 2 प्रतिशत से भी कम ने इसमें कमी आने की आशंका जताई है। एचएसबीसी इंडिया मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई को एसएंडपी ग्लोबल की ओर से लगभग 400 निमार्ताओं के पैनल में क्रय प्रबंधकों को भेजी गई प्रश्नावली के उत्तरों के आधार पर तैयार किया गया है।

### मार्च में कुल बिक्री में जुलाई 2024 के बाद से सबसे अधिक वृद्धि

सर्वेक्षण के अनुसार, मार्च में कुल बिक्री में जुलाई 2024 के बाद से सबसे अधिक वृद्धि देखी गई। इस दौरान कंपनियों में सकारात्मक ग्राहक रुचि, अनुकूल मांग की स्थिति और सफल मार्केटिंग दिखी। 2024-25 वित्तीय वर्ष के अंत में फर्मों ने उत्पादन की मात्रा बढ़ा दी। इससे विनिर्माण की वृद्धि दर आठ महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। हालांकि मार्च में नए निर्यात ऑर्डर में जोरदार वृद्धि जारी रही, लेकिन वृद्धि की गति तीन महीने के निचले स्तर पर आ गई। पैनलिस्टों ने अंतरराष्ट्रीय बिक्री के मामले में एशिया, यूरोप और मध्य पूर्व में हुई वृद्धि का हवाला दिया। एचएसबीसी के मुख्य भारत अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा, हालांकि अंतराष्ट्रीय ऑर्डरों में थोड़ी कमी आई है, लेकिन कुल मिलाकर मांग की गति मजबूत बनी हुई है। नए ऑर्डर का सूचकांक आठ महीने के उच्चतम स्तर 61.5 पर पहुंच गया। मजबूत मांग ने कंपनियों को अपने भंडारों का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया, जिससे तैयार माल के स्टॉक में तीन वर्षों में सबसे तेज गिरावट आई है।

# विकसित और उभरते जी-20 देशों में सबसे अधिक रहेगी भारत की वृद्धि दर, टैरिफ का कम होगा असर



**नई दिल्ली।** भारत की वृद्धि दर कर उपायों और निरंतर मौद्रिक सहजता के दम पर एक अप्रैल से शुरू नए वित्त वर्ष 2025-26 में 6.5 फीसदी रहेगी, जो विकसित और उभरते जी-20 देशों में सबसे अधिक होगी। इसके साथ ही, देश पूंजी आकर्षित करना जारी रखेगा और किसी भी विदेशी पूंजी निकासी को आसानी से झेल सकेगा। मूडीज रेटिंग्स ने उभरते बाजारों पर मंगलवार को जारी रिपोर्ट में कहा, अमेरिकी नीतियों में अनिश्चितता से पूंजी निकासी का जोखिम बढ़ेगा, लेकिन भारत और ब्राजील जैसे बड़े उभरते बाजार अपनी घरेलू उन्मुख अर्थव्यवस्थाओं, बड़े घरेलू पूंजी बाजारों, नीति विश्वसनीयता व पर्याप्त विदेशी मुद्रा भंडार के दम पर

ऐसे हालात में वैश्विक पूंजी आकर्षित करने और बनाए रखने के लिए बेहतर स्थिति में हैं। रेटिंग एजेंसी ने कहा, सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में आर्थिक गतिविधि उच्च स्तरों से थोड़ी धीमी हो जाएगी, लेकिन इस साल और अगले साल मजबूत रहेगी।

# बारहवीं के तुरंत बाद आई.आई.एम. में पढ़ने का मौका : राहुल गोयल



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** अभी हाल ही में सीबीएसई एवं यूपी बोर्ड की बारहवीं की परीक्षा समाप्त होते ही छात्र आगे की पढ़ाई के लिए युद्ध स्तर पर तैयारी करना शुरू कर देते है जिसमे काफी बड़ा तबका पिछले 1 या 2 वर्षो से ही अपनी आगे की पढ़ाई की भूमिका बना लेता है जिसमे वह इंजीनियरिंग के लिए आईआईटी एवं एनआईटी जैसे प्रमुख संस्थान, मैनेजमेंट एवं कॉमर्स के लिए आईआईएम या दिल्ली यूनिवर्सिटी जैसे प्रमुख संस्थान, 5 वर्षीय लॉ करने के लिए एनएलयू व इसके अलावा होटल मैनेजमेंट, मास कम्युनिकेशन आदि कोर्सेज में जाने के लिए भारत के विभिन्न जाने माने संस्थानों के प्रवेश परीक्षाओ में लाखो की संख्या में हिस्सा लेते है।

आईएमएस कोचिंग राजनगर के डायरेक्टर एवं आईआईएम कोलकाता एलुमनाई राहुल गोयल बताते है कि लोकप्रियता के आधार पर देखा जाए तो पिछले कुछ वर्षो में बच्चो में बारहवीं के तुरंत बाद आई.आई.एम. जाने का क्रेज जिस प्रकार बढ़ा है उसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि पहले केवल एक आई.आई.एम. (इंदौर) अपने कैंपस पर जिस इंटीग्रेटेड प्रोग्राम इन मैनेजमेंट (बीबीए + एमबीए) को ऑफर करता था वह कोर्स अब आई.आई.एम. रोहतक, रांची, जम्मू, बोधगया और यहाँ तक कि अब आई.आई.एम. अमृतसर ने भी शुरू कर दिया गया है। ऐसा सुनने में आया है कि आई.आई.एम. शिलांग भी जल्द ही इसी साल से पांच वर्षीय मैनेजमेंट प्रोग्राम शुरू करने जा रहा है व आई.आई.एम. सिरमौर ने भी अपने यहाँ ग्रेजुएशन यानी बी.एम.एस. प्रोग्राम की शुरूआत कर दी है। राहुल गोयल बताते है कि आई.आई.एम. से पढ़ने का सपना 3 लाख से भी अधिक छात्र छात्रा अपनी ग्रेजुएशन के बाद कैट का एग्जाम देकर पूरा करना चाहते है परन्तु अब जागरूक छात्र एवं उनके परिजन यह सपना बारहवीं के तुरंत बाद भी पूरा कर रहे है जिसमे बच्चा दसवीं कक्षा के बाद स्कूल के साथ ही आई.आई.एम. प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर आई.आई.एम. में स्थान पा रहा है। परीक्षा में क्वांटिटेटिव एबिलिटी (मैथ्स), लॉजिकल रीजनिंग (तर्कशक्ति) एवं वर्बल एबिलिटी (इंग्लिश) से सामना होता है जिसके लिए नियमितता, स्पीड एवं एक्यूरेसी का होना बेहद आवश्यक है और यह क्षमता निरंतर प्रयास से ही संभव है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- एक कॉकरोच सिर काटने के बाद भी कई दिनों तक जीवित रह सकता है।
- तरबूज गर्भावस्था के दौरान एक सामान्य स्थिति, दिल की धड़कन को आसान बनाता है। यह सुबह की बीमारी को कम करने में भी मदद करता है। फल में खनिज तीसरे-तिमाही मांसपेशी ऐंठन को रोकने में मदद कर सकते हैं।
- लगातार किसी व्यक्ति का 11 दिन से अधिक जागना असंभव है।
- कुछ कीड़े भोजन न मिलने पर खुद को ही खा जाते हैं।
- आपको यह जानकर हैरानी होगी की लाइटर का आविष्कार माचिस से पहले हुआ था।
- कुवैत में दुनिया की सबसे पुरानी फिंगरप्रिंट पाषाण युग से मेल खाने वाले टूटे हुए मिट्टी के बर्तन के टुकड़े पर खोजी गई थी। यह फिंगरप्रिंट 7,300 साल पुराना है।
- क्या आप जानते हैं? ऐप्पल का आईफोन टच आईडी एक जीवित और मृत व्यक्ति के फिंगरप्रिंट के बीच एक अंतर बता सकती है, इसलिए यदि आप मर चुके हैं तो कोई भी आपकी टच आईडी का उपयोग करके अपने आईफोन में नहीं पहुंच पाएगा।

# अंगदान के लिए कर्मचारी 42 दिन का विशेष आकस्मिक अवकाश लेने के पात्र

## केंद्र ने लोकसभा में दी जानकारी



**नई दिल्ली।** कार्मिक मंत्रालय की ओर से 2023 में जारी आदेश के अनुसार, दानकर्ता के अंग को निकालने के लिए सर्जरी के अनुसार, सरकारी पंजीकृत चिकित्सक या डॉक्टर की सिफारिश के अधार पर अधिकतम 42 दिन विशेष आकस्मिक अवकाश देने की बात तय हुई थी। केंद्र सरकार के कर्मचारियों को अंगदान के लिए अधिकतम 42 दिनों का विशेष आकस्मिक अवकाश लेने के पात्र हैं। सरकार ने बुधवार को लोकसभा में यह जानकारी दी। केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया कि, भारत सरकार ने केंद्रीय कर्मचारियों को अंगदान करने के लिए अधिकतम 42 दिनों का विशेष आकस्मिक अवकाश तय किया है। कार्मिक मंत्रालय की ओर से 2023 में जारी आदेश के अनुसार, जब इस प्रावधान की घोषणा की गई थी, दानकर्ता के अंग को निकालने के लिए सर्जरी के अनुसार, सरकारी पंजीकृत चिकित्सक या डॉक्टर की सिफारिश के अधार पर अधिकतम 42 दिन विशेष आकस्मिक अवकाश देने की बात तय हुई थी। मंत्री ने बताया कि विशेष आकस्मिक अवकाश सामान्यत: अस्पताल में भर्ती होने के दिन से एक बार में लिया सकता है। आदेश के अनुसार, सरकारी पंजीकृत चिकित्सक या डॉक्टर की सिफारिश पर सर्जरी से अधिकतम एक सप्ताह पहले इसका लाभ उठाया जा सकता है।

## राशिफल

**मेष:** आज वैवाहिक संबंध में आपकी रूचि कम हो सकती है। आपके पास नए अधिग्रहण हो सकते हैं, जो आपके जीवन को अधिक आरामदायक बनाएंगे।

**वृष:** आपके लिए आज का दिन उन्नति दायक रहेगा। छोटी छोटी यात्राओं से आपको कुछ नए रिश्ते बनाने को मिलेंगे। पारिवारिक जीवन में खुशियां रहेंगी।

**मिथुन:** आज पैसों से जुड़ा किसी भी तरह का रिस्क ना लें। कोई भी बड़ा कदम लेने से पहले अच्छे से सोच-विचार कर लेना चाहिए। आज काम का बोझ अधिक होगा।

**कर्क:** किसी भी नये कार्य को करने से पहले अपने बड़ो-बुजुर्गों की सलाह जरूर लें। पारिवारिक माहौल को अच्छा बनाए रखने के लिए चिंतन करना पड़ेगा।

**सिंह:** आज दिन थोड़ा सा कमजोर है क्योंकि आप मानसिक रूप से तनावग्रस्त रहेंगे। आपके खर्चे भी अधिक होंगे और इनकम उनकी अपेक्षा में थोड़ी कम होगी।

**कन्या:** आज सफलता आपके कदम चूमेगी। आप अपनी ताकत और प्रतिष्ठा से पहचाने जायेंगे। आप किसी समारोह में जाने की योजना बनायेंगे।

**तुला:** गृहोपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा। आप अपने वरिष्ठों और सहकर्मियों का ध्यान समान रूप से आकर्षित करेंगे।

**वृश्चिक:** चिंताएं बढ़ेंगी और खर्चे भी बढ़ेंगे। सुख-सुविधाओं पर इतना खर्च कर देंगे कि यह सोचना मुश्किल पड़ जाएगा की आवश्यकता के लिए धन कहां से लाएं।

**धनु:** आज परिवार का सहयोग मिलने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करने में आप कामयाब रहेंगे। दिन मौज-मस्ती में बीतेगा।

**मकर:** पारिवारिक-जीवन आरामदायक परिवेश से खुश रहेगा। आपके लिए गये कुछ फैसले अच्छे साबित होंगे और इससे आर्थिक संकट भी काफी दूर होगा।

**कुंभ:** यात्रा पर जाने के लिए भी दिन शुभ रहेगा। कोई खुशखबरी मिल सकती है जिससे आपके परिवार में खुशी की लहर दौड़ जाएगी।

**मीन:** आज किए कार्यों का नतीजा पक्ष में होगा। जो लोग कॉस्मेटिक का कारोबार कर रहे हैं, उनके लिये दिन ठीक रहेगा। कार्यों में सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा।

## चुटकुले

बंटी - यार डब्बू, मच्छरों से छुटकारा पाने का क्या उपाय है...?
डब्बू - रात को सोने से पहले एक मच्छर मार दिया करो, ताकि बाकी के मच्छर उसके जनाजेपर चले जाएं और फिर आप मजे से सो सकें...!

सत्य वचन...
जन्नत में जाना चाहते हो, तो मां के पांव दबा कर सोया करो...
चाहे मां आपकी हो या आपके बच्चों की कोई फर्क नहीं पड़ता...!

बॉस - जो अपनी बात दूसरों को समझा ना सके, उसे गधा कहते हैं...!
चिंटू - सर, क्या मतलब है इसका, मैं समझा नहीं...!




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# बढ़ गया मुंबई के गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की वापसी का इंतजार, आकाश दीप की चोट पर भी आया बड़ा अपडेट

**मुंबई।** मुंबई इंडियंस के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की वापसी में अभी और वक्त लग सकता है। उन्होंने अभी तक भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सेंटर ऑफ एक्सलेंस (सीओई) की तरफ से पूरी तरह फिट नहीं घोषित किया है। हालांकि, सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें बुमराह नेट्स पर गेंदबाजी करते दिखाई दे रहे हैं। वहीं, लखनऊ सुपर जाएंट्स के तेज गेंदबाज आकाश दीप जल्द ही टीम से जुड़ सकते हैं।



### कब होगी बुमराह और आकाश दीप की वापसी?

टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, बुमराह पूरी तरह फिट हैं लेकिन बीसीसीआई की मेडिकल टीम का मानना है कि तेज गेंदबाज के वर्कलोड में वृद्धि उनके लिए खतरे की घंटी साबित हो सकती है। इसलिए फिलहाल उन्हें बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सलेंस (सीओई) में ही रहने की सलाह दी गई है। अप्रैल के मध्य तक वह वापसी कर सकते हैं। इसके अलावा ईएसपीएनक्रिकइनफो की रिपोर्ट में बताया गया है कि तेज गेंदबाज आकाश दीप बुधवार को लखनऊ सुपर जाएंट्स से जुड़ सकते हैं। वह शुक्रवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच में खेलते नजर आ सकते हैं।

बीसीसीआई से जुड़े एक सूत्र ने बुमराह की हेल्थ पर बात करते हुए कहा- बुमराह की चोट थोड़ी गंभीर है। मेडिकल टीम यह सुनिश्चित करना चाहती है कि उन्हें स्ट्रेस फ्रैक्चर न हो। बुमराह खुद भी सावधानी बरत रहे हैं। वह सीओई में गेंदबाजी कर रहे हैं, लेकिन पूरी तरह से फिट होने में उन्हें अधिक समय लग सकता है। अभी तक कोई निश्चित समयसीमा तय नहीं की गई है, लेकिन उम्मीद है कि वह अप्रैल के मध्य तक फिट हो जाएंगे।

आकाश दीप भी पिछले साल बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के दौरान चोटिल हुए थे। उन्हें पीठ में चोट आई थी। दिसंबर से उन्होंने कोई मैच नहीं खेला है। अब खबर आई है कि चार अप्रैल को लखनऊ में मुंबई के खिलाफ खेले जाने वाले मुकाबले में वह खेलते नजर आ सकते हैं।

### जनवरी से बाहर हैं बुमराह

बुमराह जनवरी 2025 से प्रतिस्पर्धी मैच नहीं खेल सके हैं। वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पांचवें और अंतिम मैच में खेले थे। हालांकि, उन्होंने सिर्फ पहली पारी में गेंदबाजी की थी इसके बाद वह आगे नहीं खेल सके थे। बुमराह को शुरूआत में चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भी चुना गया था, लेकिन बाद में उनकी जगह हर्षित राणा को मौका दिया गया। बुमराह आईपीएल के 18वें सीजन के लिए अब तक मुंबई टीम से नहीं जुड़े हैं, लेकिन उनके गेंदबाजी शुरू करने बाद उम्मीद लगी है कि वह जल्द ही मैदान पर वापस लौट सकते हैं।

# जीत की हैट्रिक लगाने के इरादे से उतरेगी आरसीबी गुजरात की नजरें लय बरकरार रखने पर होंगी

**नई दिल्ली।** लगातार दो जीत के साथ आईपीएल 2025 सीजन की शुरूआत करने वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम बुधवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ जीत की हैट्रिक लगाने के इरादे से उतरेगी। गुजरात ने भी अपने पिछले मैच में मुंबई इंडियंस को हराया था और उसकी नजरें लय बरकरार रखने पर टिकी होंगी। मैच के दौरान आरसीबी का लक्ष्य गेंदबाजों के दम पर लगातार तीसरी जीत करने का होगा।



आरसीबी अब तक अच्छी फॉर्म में नजर आ रही है। उसने अपने पहले मैच में गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को हराया था और फिर अगले मैच में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को मात दी थी। आरसीबी के लिए तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने अच्छा प्रदर्शन किया है और इस आईपीएल में छह से कम की इकॉनॉमी रेट से रन दिए हैं। नई गेंद को स्विंग कराने के कौशल से भुवनेश्वर और सटीक गेंदबाजी के फन में माहिर हेजलवुड मिलकर उनकी परेशानी का सबब बन सकते हैं। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज यश दयाल भी उपयोगी साबित हुए हैं। कोहली ने पहले मैच में अर्धशतक लगाकर अपनी फॉर्म साबित की थी और अब वह एक बार फिर बड़ी पारी खेलना चाहेंगे। दिलचस्प बात यह है कि आरसीबी इस सीजन पहली बार अपने घरेलू मैदान पर खेलने उतरेगी और कोहली फैंस को निराश नहीं करना चाहेंगे। कोहली का साथ फिल सॉल्ट ने अच्छी तरह निभाया है। कोहली और सॉल्ट पिछले दो मैचों में 95 और 45 रन की साझेदारी कर चुके हैं। चिन्नास्वामी स्टेडियम पर दोनों और खतरनाक हो सकते हैं। गुजरात के पास राशिद खान और आर साइ किशोर जैसे खतरनाक स्पिनर हैं जो आरसीबी के बल्लेबाजों को अपनी फिरकी में उलझा सकता हैं। गुजरात के पास कैगिसो रबाडा और मोहम्मद सिराज जैसे तेज गेंदबाज हैं। आरसीबी के लिए खेलने वाले सिराज को मेगा नीलामी में गुजरात ने खरीदा था। रबाडा अब तक 14 पारियों में से चार बार कोहली को आउट कर चुके हैं।

# पंजाब किंग्स को शुरूआती दो मैच जिताने वाले चौथे कप्तान हैं श्रेयस अय्यर, बल्ले से भी दिखा रहे दम



**मुंबई।** पंजाब किंग्स ने नए कप्तान श्रेयस अय्यर के नेतृत्व में आईपीएल 2025 की अच्छी शुरूआत की है और अपने दोनों मुकाबले जीत लिए हैं। पंजाब किंग्स ने लखनऊ सुपर जाएंट्स को आठ विकेट से हराकर इस सत्र की अपनी दूसरी जीत दर्ज की। मंगलवार को लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मेजबान टीम ने 20 ओवर में सात विकेट खोकर 171 रन बनाए। जवाब में पंजाब ने 16.2 ओवर में दो विकेट पर 177 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया।

### चौथी बार सीजन में जीते शुरूआती दो मैच

पंजाब ने चौथी बार सत्र की शुरूआत में दो मुकाबले जीते हैं। इससे पहले टीम ने 2014, 2017, 2023 में शुरूआती दो मुकाबले जीते थे। लगातार दो मैचों में जीत के साथ पंजाब अंक तालिका में चार अंकों के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गई। इसके साथ ही श्रेयस अय्यर पंजाब के चौथे कप्तान बन गए जिनके नेतृत्व में टीम ने आईपीएल सीजन के शुरूआती दो मैच अपने नाम किए हैं। अय्यर से पहले 2014 में जॉर्ज बेली, 2017 में ग्लेन मैक्सवेल और 2023 में शिखर धवन के नेतृत्व में पंजाब ने लगातार दो मैच जीते थे।

### दो मैचों बाद पंजाब के लिए सर्वाधिक रन बनाने वाले दूसरे कप्तान

श्रेयस अय्यर बल्ले से भी अच्छी फॉर्म में नजर आ रहे हैं और उन्होंने लगातार दो मैचों में अर्धशतक जड़ा है। पहले मैच में श्रेयस 97 रन बनाकर नाबाद रहे थे, जबकि लखनऊ के खिलाफ भी वह 52 रन बनाकर नाबाद लौटे। श्रेयस इस तरह दो आईपीएल मैचों के बाद सर्वाधिक रन बनाने वाले पंजाब के दूसरे कप्तान बन गए हैं। श्रेयस अब तक 149 रन बना चुके हैं और उन्होंने इस मामले में मयंक अग्रवाल, ग्लेन मैक्सवेल और युवराज सिंह को पीछे छोड़ दिया है। श्रेयस से आगे बस केएल राहुल हैं जिन्होंने पंजाब के कप्तान रहते शुरूआत दो मैचों में 153 रन बनाए थे।

### लखनऊ में दर्ज की दूसरे सबसे बड़ी जीत

पंजाब ने 22 गेंद शेष रहते ही यह मुकाबला अपने नाम कर लिया था जो लखनऊ में गेंदों के लिहाज से दूसरी सबसे बड़ी जीत है। इकाना स्टेडियम पर आईपीएल में ज्यादा गेंद शेष रहते लक्ष्य प्राप्त करने का रिकॉर्ड लखनऊ सुपर जाएंट्स के नाम है जिसने 2023 में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 24 गेंद शेष रहते ही जीत दर्ज कर ली थी। वहीं, दिल्ली कैपिटल्स ने पिछले सीजन लखनऊ के खिलाफ 11 गेंद शेष रहते जीत हासिल की थी।

# लखनऊ की हार के बाद पिच से असंतुष्ट दिखे जहीर खान, बोले- लगा पंजाब के क्यूरेटर ने तैयार की पिच

**मुंबई।** लखनऊ सुपर जाएंट्स के मेंटर जहीर खान ने पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच के बाद कहा कि उनकी टीम को घरेलू मैदान पर खेलने का फायदा नहीं मिला। पंजाब ने मंगलवार को इकाना स्टेडियम पर खेले गए मैच में लखनऊ को आठ विकेट से हराकर आईपीएल 2025 में लगातार दूसरी जीत दर्ज की थी। इस मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मेजबान टीम ने 20 ओवर में सात विकेट खोकर 171 रन बनाए। जवाब में पंजाब ने 16.2 ओवर में दो विकेट पर 177 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया।



### पिच से निराश दिखे जहीर

मैच के बाद जहीर ने कहा कि लखनऊ सुपर जाएंट्स ने घरेलू मैच के लिए जैसी पिच की उम्मीद की थी, ये वैसी पिच नहीं थी। जहीर ने कहा, मैं इसलिए थोड़ा निराश हूं कि यह घरेलू मैच था और आईपीएल में आपने देखा है कि टीमों को घरेलू मैदानों पर खेलने का फायदा मिलता है। इस लिहाज से मुझे लगता है कि क्यूरेटर ने यह नहीं सोचा कि यह घरेलू मैच है। ऐसा लग रहा था कि पंजाब के क्यूरेटर यहां थे। यह ऐसी चीज है जिस पर हमें ध्यान देना होगा।

उन्होंने कहा, मेरे लिए यह नई टीम है, लेकिन उम्मीद है कि आगे से किसी मैच में ऐसा नहीं होगा क्योंकि आप अपने प्रशंसकों को भी निराश कर रहे हैं। वे यहां पहला घरेलू मैच जीतते देखने की उम्मीद लेकर आए थे। यह सत्र का तीसरा मैच है और हमने अक्सर बोला है कि टीम इस सत्र में कैसी है। हम प्रक्रिया पर फोकस कर रहे हैं, नतीजों पर नहीं। हमें कुछ पहलुओं पर काम करना होगा।

### पंत का समर्थन किया

जहीर ने कप्तान ऋषभ पंत का समर्थन किया और भरोसा जताया कि वह टूनार्मेंट में वापसी करेंगे। पंत को लखनऊ ने आईपीएल की मेगा नीलामी में 27 करोड़ रुपये में खरीदा था, लेकिन वह अब तक तीन पारियों 17 रन ही बना पाए हैं। पंत पहले मैच में खाता भी नहीं खोल सके थे, जबकि दूसरे मैच में उन्होंने 15 और तीसरे मैच में दो रन बनाए। जहीर ने कहा, जैसा कि मैंने कहा है कि हम हमेशा रास्ता तलाशने की कोशिश करते हैं। वह हमारे कप्तान हैं और सभी को उनसे उम्मीद है। कप्तान के तौर पर पंत अच्छा काम कर रहे हैं और वह खिलाड़ी के तौर पर भी अच्छा करेंगे।

# दूसरे स्थान पर पहुंचा पंजाब किंग्स, केकेआर 10वें नंबर पर खिसका

**मुंबई।** पंजाब किंग्स ने आईपीएल 2025 में अपने अभियान की शानदार शुरूआत की है और वह लगातार दूसरी जीत से अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। पंजाब ने मंगलवार को लखनऊ सुपर जाएंट्स को हराया था जिससे वह चार अंक लेकर तालिका में दूसरे स्थान पर आ गया है। वहीं, गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) तीन मैचों में दो हार और एक जीत से सबसे नीचे 10वें स्थान पर खिसक गई है।



लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मेजबान टीम ने 20 ओवर में सात विकेट खोकर 171 रन बनाए। जवाब में पंजाब ने 16.2 ओवर में दो विकेट पर 177 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया। पंजाब ने चौथी बार सत्र की शुरूआत में दो मुकाबले जीते हैं। इससे पहले टीम ने 2014, 2017, 2023 में शुरूआती दो मुकाबले जीते थे।

पंजाब के अलावा रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और दिल्ली कैपिटल्स ही ऐसी टीमें हैं जो अब तक टूनार्मेंट में अजेय बनी हुई हैं। आरसीबी, पंजाब और दिल्ली के एक समान अंक हैं, लेकिन बेहतर नेट रन रेट के कारण आरसीबी शीर्ष पर बनी हुई है, जबकि दिल्ली तीसरे स्थान पर है। गुजरात टाइटंस की टीम दो मैचों में एक जीत और एक हार से चौथे स्थान पर है। मुंबई इंडियंस, चेन्नई सुपर किंग्स, लखनऊ सुपर जाएंट्स, सनराइजर्स हैदराबाद, राजस्थान रॉयल्स और केकेआर ने तीन-तीन मैच खेल लिए हैं और इन टीमों के एक समान दो अंक हैं। दिलचस्प बात यह है कि सभी 10 टीमों ने जीत का खोल लिया है। आईपीएल 2025 में मंगलवार एक अप्रैल तक हुए मैचों के बाद लखनऊ सुपर जाएंट्स के बल्लेबाज निकोलस पूरन ऑरेंज कैप की दौड़ में सबसे आगे हैं। पूरन ने तीन मैचों में 219.76 के स्ट्राइक रेट से 189 रन बनाए हैं। पूरन अब तक 17 चौके और 15 छक्के लगा चुका हैं और उनका सर्वोच्च निजी स्कोर 75 रन है। दूसरे स्थान पर पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर हैं जिन्होंने दो मैचों में 149 रन बनाए हैं और उनका सर्वोच्च स्कोर नाबाद 97 रन है।

# टी20 में 100 अर्धशतक पूरे करने से दो कदम दूर हैं विराट, डेविड वॉर्नर के बाद दूसरे खिलाड़ी होंगे

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली इन दिनों आईपीएल में खेलते दिख रहे हैं। आरसीबी के पूर्व कप्तान शानदार फॉर्म में हैं और बहुत जल्द बड़ी उपलब्धि हासिल कर सकते हैं। वह टी20 में 100 अर्धशतक का आंकड़ा छूने से महज दो कदम दूर हैं। बुधवार को आरसीबी का सामना गुजरात से होगा। इस मैच में किंग कोहली अर्धशतकीय पारी खेलकर इस रिकॉर्ड के करीब पहुंचना चाहेंगे। टी20 में सर्वाधिक अर्धशतकों का रिकॉर्ड डेविड वॉर्नर के नाम है। ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज के नाम इस प्रारूप में कुल 108 अर्धशतक दर्ज हैं। वहीं, कोहली ने अबतक 98 फिफ्टी जड़ी हैं। वह टी20 क्रिकेट में 100 अर्धशतकों के आंकड़े से महज दो कदम दूर हैं। वह जल्द ही इस उपलब्धि को हासिल करना चाहेंगे। कोहली ने पहले मैच में अर्धशतक लगाकर अपनी फॉर्म साबित की थी और अब वह एक बार फिर बड़ी पारी खेलना चाहेंगे। दिलचस्प बात यह है कि आरसीबी इस सीजन पहली बार अपने घरेलू मैदान पर खेलने उतरेगी और कोहली फैंस को निराश नहीं करना चाहेंगे। कोहली का साथ फिल सॉल्ट ने अच्छी तरह निभाया है। कोहली और सॉल्ट पिछले दो मैचों में 95 और 45 रन की साझेदारी कर चुके हैं। चिन्नास्वामी स्टेडियम पर दोनों और खतरनाक हो सकते हैं।



# 14 साल पहले आज ही के दिन भारत बना विश्व विजेता

## धोनी की कप्तानी में खत्म हुआ था 28 वर्ष का सूखा




**नई दिल्ली।** भारत ने आज ही के दिन 2011 में श्रीलंका को हराकर वनडे विश्व कप का खिताब जीता था। महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में मिली इस जीत को 14 साल पूरे हो गए हैं। भारत के लिए यह जीत इसलिए भी खास थी क्योंकि 1983 के बाद पहली बार टीम विश्व विजेता बनी थी। भारत के लिए दूसरा वनडे खिताब का इंतजार काफी लंबा रहा था, लेकिन धोनी के नेतृत्व में टीम ने 28 साल का सूखा समाप्त किया था।

### अच्छी नहीं रही थी भारत की शुरूआत

लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की शुरूआत अच्छी नहीं रही थी और उसने जल्द ही वीरेंद्र सहवाग और सचिन तेंदुलकर के विकेट गंवा दिए थे। 31 रन के स्कोर पर भारत के दोनों सलामी बल्लेबाज पवेलियन लौट गए थे। इसके बाद गौतम गंभीर और विराट कोहली ने तीसरे विकेट के लिए 83 रनों की साझेदारी की। 22वें ओवर में कोहली भी आउट हो गए। इसके बाद चौथे विकेट के लिए धोनी ने गंभीर के साथ मिलकर 109 रन की भागीदारी निभाई।

### श्रीलंका ने दिया था 275 रनों का लक्ष्य

भारत और श्रीलंका के बीच 2011 का फाइनल मुकाबला मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम पर खेला गया था। श्रीलंका के कप्तान कुमार संगकारा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और माहेल जयवर्धने के नाबाद 113 रनों की पारी के दम पर 50 ओवर में छह विकेट पर 274 रन बनाए। श्रीलंका के लिए संगकारा ने 48, तिलकरत्ने दिलशान ने 48 और तिषारा परेरा ने नाबाद 22 रनों की पारी खेली थी। भारत के लिए तेज गेंदबाज जहीर खान और स्पिनर युवराज सिंह ने दो-दो विकेट अपने नाम किए थे।

### धोनी ने जड़ा था विजयी छक्का

गंभीर आउट हुए तो युवराज के साथ धोनी ने मोर्चा संभाला और युवराज सिंह के साथ नाबाद 54 रन की साझेदारी करते हुए भारत को विश्व चैंपियन बना दिया। भारत के लिए कप्तान धोनी ने विजयी छक्का जड़ा जिसकी यादें आज भी करोड़ों भारतीय क्रिकेट प्रशंसकों के यादों में तरोताजा है। भारत के लिए गौतम गंभीर (97), विराट कोहली (35), महेंद्र सिंह धोनी नाबाद 91 और युवराज सिंह नाबाद 21 रन बनाए और टीम की जीत में अहम योगदान दिया। चैंपियन बनने के बाद भारतीय खिलाड़ियों ने दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर को कंधे पर उठाया और पूरे मैदान का चक्कर लगाया। टीम के साथ-साथ खेल प्रेमियों की आंखों से भी उस दिन खुशी के आंसू छलक गए थे। इस विजयी लम्हे को 14 बरस बीत चुके हैं, लेकिन यह ऐतिहासिक जीत विजेता टीम के सदस्यों के साथ-साथ भारतीय क्रिकेट प्रशंसकों के दिलों में आज भी एक विशेष लगाव रखती है।

# 11 दिन में 5 मेडल जीते अब जॉर्डन में दम दिखाएगी काशी की बेटी

**नई दिल्ली।** पैरा टेबल टेनिस की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में लगातार पांच पदक जीतने वाली वाराणसी के सिगरा निवासी प्रियांशी केसरी जॉर्डन की राजधानी अम्मान में 10 से 16 अप्रैल तक होने वाली अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में खेलेंगी। पिता शंभू केसरी ने बताया कि प्रियांशी 8 अप्रैल को दिल्ली रवाना होंगी।

राष्ट्रीय प्रतियोगिता में लगातार पदक जीत रही प्रियांशी देश की टॉप रैंकिंग खिलाड़ी हैं। 11 दिन में पांच राष्ट्रीय प्रतियोगिता खेलकर पांच पदक जीतने वाली वह वाराणसी की पहली खिलाड़ी बन गई हैं। दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में 25 से 27 मार्च तक खेलो इंडिया पैरा टेबल टेनिस प्रतियोगिता में पांचवां पदक जीता। वडोदरा में 17 से 19 मार्च तक सीनियर नेशनल रैंकिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण जीत नंबर वन रैंकिंग हासिल की है।

वडोदरा में 21 से 23 मार्च राष्ट्रीय प्रतियोगिता हुई। एकल में प्रियांशी ने कांस्य और युगल मुकाबले में स्वर्ण जीता जबकि मिक्स डब्ल्स में कांस्य से संतोष करना पड़ा। 21 से 23 तक राष्ट्रीय प्रतियोगिता के तीनों मुकाबले में प्रियांशी ने पदक जीतकर काशी का नाम रोशन किया।



### बैक हैंड स्मैश नहीं झेल पाते खिलाड़ी

प्रियांशी केसरी रोज तीन घंटे अभ्यास करती हैं। उनका बैक हैंड स्मैश अच्छे अच्छे खिलाड़ी नहीं झेल पाते हैं। वह टेबल के दो फीट दूरी से स्मैश करने के अलावा सर्विस में भी कमाल करती हैं। सीधे सधे हाथों से खेला गया सर्विस बेहद अच्छा होता है।

### राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता में पदक जीतकर लौटी प्रीति का स्वागत

34वीं सब जूनियर राष्ट्रीय बालिका कबड्डी चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश की टीम की कांस्य विजेता प्रीति राजभर का स्वागत मंगलवार को क्षेत्रवासियों ने सिंधोरा में किया। किसान राजकुमार की बेटी प्रीति के साथ खिलाड़ियों का सिंधोरा चौराहे से लेकर घर तक जुलूस निकालकर स्वागत किया गया। कोच सिंहासन यादव, नॉर्मन यादव व मैनेजर बृजभूषण का स्वागत हुआ। ग्रामीणों ने कहा कि गांव की बेटी केखेलने से अन्य बेटियों को प्रेरणा मिलेगी।

### पहले दिन 4 खेलों में 97 खिलाड़ियों का पंजीकरण

क्षेत्रीय खेल कार्यालय ने ग्रीष्मकालीन खेलों का प्रशिक्षण शुरू हो गया है। आरएसओ विमला सिंह ने बताया है कि एक अप्रैल से खेल विभाग की ओर से सिगरा और लालपुर स्टेडियम में प्रशिक्षण शुरू हो गया। पहले दिन चार खेलों में 97 खिलाड़ियों पंजीकरण कराया। इसमें मुक्केबाजी के 26, कुश्ती के 10, वॉलीबॉल के 22 और तैराकी के 39 खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया है।

छात्रावास में प्रवेश के लिए चयन समिति ने एथलेटिक्स की संभावित बालक-बालिकाओं की सूची जारी कर दी है। बालक वर्ग में 40 और बालिका वर्ग में 15 खिलाड़ियों को जगह मिली है। खेल विभाग के 13 अंशकालिक मानदेय कोच खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देंगे। डॉ. संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम सिगरा में एथलेटिक्स, फुटबॉल, क्रिकेट, तैराकी, बैडमिंटन, जिम्नास्टिक्स, कुश्ती, कबड्डी, वॉलीबॉल, बॉक्सिंग व बास्केटबॉल का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

लालपुर स्टेडियम में फुटबॉल, हॉकी, हैंडबॉल का प्रशिक्षण दिया जाएगा। शिविर में अंडर-18 आयु वर्ग के खिलाड़ी हिस्सा ले सकते हैं। सिगरा के डॉ. संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम के स्विमिंग पूल में नए सत्र में तैराकी प्रशिक्षण शुरू हो गया है। यहां लाइव सेवर की देखरेख में प्रशिक्षण दिया जाएगा। सिगरा में दो स्विमिंग पूल है।

# जोश में होश गंवाना दिग्वेश को पड़ा भारी

**मुंबई।** लखनऊ सुपर जाएंट्स के स्पिनर दिग्वेश सिंह राठी को पंजाब किंग्स के खिलाफ विकेट लेने के बाद जोश में होश गंवाना भारी पड़ गया है। दिग्वेश ने मैच के दौरान पंजाब के बल्लेबाज प्रियांश आर्या को आउट किया था और जब वह पवेलियन लौट रहे थे तो दिग्वेश ने अनुचित व्यवहार किया था। दिग्वेश का उत्साह मनाने का तरीका उचित नहीं था। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अब दिग्वेश पर मैच फीस का 25 प्रतिशत जुमार्ना लगाया है और साथ ही एक डिमेरिट अंक में जोड़ा है। प्रियांश जब आउट होने के बाद पवेलियन की ओर जा रहे थे तो दिग्वेश ने उन्हें लेटर राइटिंग का इशारा किया था। बीसीसीआई ने इसे आईपीएल के आचार संहिता का उल्लंघन माना और दिग्वेश पर जुमार्ना लगाया। पंजाब किंग्स ने लखनऊ के इकाना स्टेडियम पर खेले गए इस मुकाबले में आठ विकेट से जीत दर्ज की थी। आईपीएल ने बयान में बताया, दिग्वेश ने आईपीएल की आचार संहिता की धारा 2.5 के लेवल एक के आरोप और मैच रेफरी द्वारा लगाए जुमार्ने को स्वीकार किया।

# स्व.कमल जैन की पुण्यतिथि पर लोहा मंडी में लगा

## निःशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य जांच कैंप और हुआ भंडारा आयोजित

### व्यापारी हित में किए गए कमल जैन के कार्य सदैव याद किए जाएंगे : अतुल जैन

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** स्वर्गीय कमल जैन की पुण्यतिथि पर लोहा व्यापारियों कर्मचारीयों ने मजदूरों और जरूरतमंदों के लिए वरदान सेवा संस्थान के सहयोग से निःशुल्क नेत्र मोतियाबिंद जांच, सामान्य स्वास्थ्य जांच शिविर शुगर और ब्लड प्रेशर के लिए कैंप संस्था के कार्यालय 108 लोहा मंडी पर आयोजित किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक कृष्ण वीर सिंह सिरोही पधारे उनके साथ डा.अतुल कुमार जैन, जय कुमार गुप्ता अमरीश जैन सतीश बंसल इत्यादि ने कैंप का विधिवत शुभारंभ कराया।





मंगलवार को लगे कैंप में लगभग 200 व्यक्तियों की आंखों की जांच की गई जिसमें से लगभग 15 को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए परामर्श दिया गया 6 व्यक्तियों को मंगलवार को ही वरदान सेवा संस्थान में ऑपरेशन के लिए भेज दिया गया। बाकी व्यक्तियों को कल लोहा मंडी से ले जाकर ऑपरेशन कराया जाएगा। 100 व्यक्तियों की ब्लड प्रेशर और शुगर की जांच की गई।

वरदान सेवा संस्थान की ओर से जांच करने वाली टीम में गजेंद्र शर्मा डॉक्टर अमित कुमार डॉक्टर कंचन कुमारी डॉक्टर हरीराज सिंह और युग सिंह कर्दम द्वारा कैंप में अच्छी प्रकार से सभी की जांच की गई।

हिंदू नव वर्ष, वित्तीय नववर्ष और चैत्र नवरात्रि के अवसर पर और स्वर्गीय कमल जैन की पुण्यतिथि के अवसर पर एक भंडारे का भी आयोजन किया गया जिसमें प्रसाद वितरण किया गया। सभी उपस्थित अतिथियों ने और गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल के पदाधिकारीयों ने प्रसाद वितरण में और निःशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य जांच शिविर में पूर्ण सहयोग किया।

गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल के अध्यक्ष डॉ.अतुल कुमार जैन ने मुख्य अतिथि कृष्णवीर सिंह सिरोही महामंत्री अंबरीश जैन अध्यक्ष जयकुमार गुप्ता कोषाध्यक्ष सतीश बंसल के साथ-साथ उपस्थित सभी लोहा व्यापारियों और पदाधिकारीयों ने स्वर्गीय कमल जैन के चित्र पर पुष्प अर्पण करके श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि कृष्णवीर सिंह सिरोही, पूर्व विधायक के अतिरिक्त गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल की ओर से डॉ अतुल कुमार जैन, जयकुमार गुप्ता, अंबरीश जैन, सतीश बंसल, दीपक सिंघल, सुधीर जैन, मोहनलाल अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, इंद्र मोहन कुमार, मुकेश जैन, मुकेश कुमार जेवर, आलोक मित्तल, सौरभ गोयल, अनिल जैन, संजय मित्तल, अभिषेक गोयल, नरेश गुप्ता, राजीव गुप्ता, संजीव गुप्ता, रामकुमार अग्रवाल, नीरज शर्मा, सुनील जैन, राकेश मोहन सिंघल, सुनील जैन, विकास जैन, पराग गोयल इत्यादि के अतिरिक्त भारी संख्या में लोहा व्यापारीगण उपस्थित रहे। अतुल कुमार जैन ने वरदान सेवा संस्थान से पधारी हुई समस्त टीम का और मुख्य अतिथि कृष्ण वीर सिंह सिरोही का धन्यवाद दिया।

# फार्मासिस्ट की हत्या के दो आरोपी

## कैब ड्राइवर समेत बदमाश गिरफ्तार, एक को लगी गोली





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** कौशांबी थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक फार्मासिस्ट की हत्या के दो आरोपियों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में एक कैब ड्राइवर आले नबी और उसका साथी जीशान शामिल हैं। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव के अनुसार, पुलिस चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध कार दिखाई दी। रुकने का इशारा करने पर कार सवार भागने लगे। पीछा करने पर कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। कार से उतरे दोनों बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग की। जवाबी कार्रवाई में जीशान को गोली लगी और दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में खुलासा हुआ कि 28 तारीख की रात को इन्होंने आईजीआई एयरपोर्ट में काम करने वाले फार्मासिस्ट संदीप की हत्या की थी। संदीप दिल्ली से घर लौट रहा था और उसने आले नबी की कैब ली थी। किराए को लेकर हुए विवाद में दोनों ने संदीप का गला दबाकर हत्या कर दी और शव को एलिवेटेड रोड के नीचे फेंक दिया। आरोपी आले नबी हापुड़ का और जीशान गाजियाबाद के थाना खोड़ा क्षेत्र का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपियों से एक तमंचा और वारदात में इस्तेमाल की गई कार बरामद की।

# टैक्स अधिवक्ताओं का आरोप- अधिकारी मांगते हैं शुल्क, नहीं देने पर करते हैं परेशान

## टैक्स बार एसोसिएशन ने जीएसटी कार्यालय में धरना दिया

**हापुड़।** टैक्स बार एसोसिएशन ने केंद्रीय वस्तु एवं सेवाकर (सीजीएसटी) कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया। एसोसिएशन ने एक अधिकारी पर अनुचित व्यवहार और अवैध वसूली का आरोप लगाया है। टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट मनीष कुमार राय ने गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि जीएसटी पंजीयन प्रक्रिया में अधिकारी नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। नियम के अनुसार, ऑनलाइन आवेदन के बाद अधिकारियों को भौतिक सत्यापन के लिए मौके पर जाना चाहिए।




**सत्यापन के लिए नहीं जाते अधिकारी** लेकिन एक अधिकारी सत्यापन के लिए स्थल पर नहीं जाते। वे आवेदकों को कार्यालय बुलाकर अवैध शुल्क की मांग करते हैं। शुल्क न देने पर वे 20-25 दिन बाद दस्तावेजों में कमियां निकालते हैं। फिर कारोबारियों को बार-बार कार्यालय बुलाकर परेशान करते हैं।

**समाधान का मिला आश्वासन** अधिवक्ताओं ने बताया कि विरोध करने पर उनके साथ भी अभद्र व्यवहार किया जाता है। इस मामले में विभाग के सहायक आयुक्त वीके सिंह से शिकायत की गई है। आयुक्त ने समस्या के समाधान का आश्वासन दिया है।

# गन्ना भुगतान विलंब तो देना पड़ेंगा धरना : राकेश टिकैत

**मोदीनगर करंट क्राइम।** भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत बुद्धवार को यंहा नगर पंचायत पतला में आयोजित एक कार्यक्रम पहुंचे।



इस दौरान उनका मोदीनगर के राज चैपला पर किसान यूनियन के कार्यकताओं ने स्वागत किया। स्वागत के दौरान राकेश टिकैत ने कहा कि मोदीन शुगर मिल व बजाज शुगर मिलों द्वारा गन्ना भुगतान का पेमेंट विलंब से किये जाने पर उनाराजगी जाहिर की और कहा कि अगर भुगतान के हालात इसी तरह से रहे तो एक दिन भाकिये कार्यक्रताओं को धराना देने के लिये बाध्य होना पड़ेंगा। उन्होंने किसानों को एकजुट होने का संदेश दिया। इस अवसर पर भाकियू नेता पप्पी नेहरा, जयकुमार मलिक सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहें।

# गंदगी से परेशान सभासद व स्थानीय लोगों ने नगर पालिका पर किया प्रदर्शन

**गाजियाबाद।** खोड़ा में नगर पालिका की लापरवाही से लोग परेशान हैं। वार्ड नंबर 1 के सभासद और स्थानीय निवासियों ने नगर पालिका पर धरना दिया। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि नवरात्रि जैसे पवित्र अवसर पर भी इलाके में गंदगी फैली हुई है। स्थानीय लोगों को पीने के लिए शुद्ध पानी नहीं मिल रहा है। इसकी जगह नाली का पानी आ रहा है। नालियां ओवरफ्लो होकर सड़कों पर बह रही हैं। वार्ड नंबर 1 के सभासद सुरेंद्र ने व्यंग्यात्मक अंदाज में कहा कि वे नगर पालिका को धन्यवाद देने आए हैं। नवरात्रि के अवसर पर की गई विशेष सफाई के लिए और नाली का पानी सड़कों पर बहाने के लिए भी धन्यवाद। उन्होंने कहा कि पूरे वार्ड में पानी ही पानी है। स्थानीय लोगों ने हाथों में तख्तियां लेकर नगर पालिका के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन के बाद अधिकारियों ने लिखित में आश्वासन दिया है कि जल्द ही समस्याओं का समाधान किया जाएगा।




# तीन घंटे के विशेष अभियान में शराब पीने वाले 556 लोग गिरफ्तार

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। पुलिस कमिश्नरेट के तीनों जोन में चले इस तीन घंटे के अभियान में 556 लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि कुछ लोग सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर राहगीरों को परेशान कर रहे हैं। इसके बाद शहर, देहात और ट्रांस हिंडन जोन में यह अभियान चलाया गया। पकड़े गए सभी लोगों को थाने लाया गया।



इनका मेडिकल कराने के बाद पुलिस एक्ट की धारा 34 के तहत चालान किया गया। डीसीपी सिटी राजेश कुमार के अनुसार, नगर जोन में सबसे ज्यादा 247 लोगों पर कार्रवाई की गई। इनमें कोतवाली घंटाघर से 71, विजयनगर से 52, सिहानी गेट से 30, नंदग्राम से 45, कवि नगर से 28 और मधुबन बापूधाम से 21 लोग शामिल हैं। डीसीपी रूरल सुरेंद्र नाथ तिवारी ने बताया कि देहात जोन में 152 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इनमें ट्रॉनिका सिटी से 25, मुरादनगर से 22, लोनी से 18, क्रॉसिंग रिपब्लिक से 16, लोनी बॉर्डर और मसूरी से 15-15, भोजपुर से 13, अंकुर विहार और मोदीनगर से 10-10, वेव सिटी से 6 और निवाड़ी से 2 लोग शामिल हैं।

# भागीरथ पब्लिक स्कूल के ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** बुधवार को भागीरथ पब्लिक स्कूल में ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत एक स्वागत गान से हुई। इस अवसर पर भागीरथ पब्लिक स्कूल के निदेशक अनादी सुकुल एवं अमिताभ सुकुल के साथ विद्यालय की प्रधानाचार्या अल्पना श्रीवास्तव उपस्थित रहीं। विद्यालय के शिक्षकों ने छात्रों को स्कूल की उन्नत अधोसंरचनाए एटीएल लैब और शूटिंग रेंज के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विद्यालय में स्मार्ट यूनिफॉर्म प्रणाली लागू है। उन्होंने बताया कि विद्यालय में एक प्रभावी हाउस सिस्टम भी लगाया गया है, जो छात्रों में टीम भावना विकसित करता है।








कार्यक्रम में छात्रों और अभिभावकों के लिए एक प्रश्नोत्तर सत्र भी आयोजित किया गया। जिसमें उन्होंने अपने प्रश्न पूछे और स्कूल के शिक्षकों से उत्तर प्राप्त किए। कार्यक्रम का समापन स्कूल के निदेशक अनादि सुकुल द्वारा धन्यवाद भाषण से हुआ। उन्होंने नए छात्रों और उनके अभिभावकों को स्कूल में स्वागत किया। इस ओरिएंटेशन कार्यक्रम ने छात्रों और अभिभावकों को विद्यालय की शैक्षिक नीतियोंए नियमों और शिक्षण पद्धति से अवगत कराया।




## खाकी वाले भी जानने में लगे रहे मीटिंग का हाल

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में बुधवार को बेहद गोपनीय और महत्वपूर्ण बैठक थी, बैठक को लेकर पूरे मार्ग और आसपास के इलाके को सुरक्षा घेरे में रखा गया था। खास बात यह थी कि अंदर चलने वाली इस गोपनीय राजनीतिक और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ वाली बैठक में क्या चल रहा है, यह जानने की जितनी उत्सुकता पार्टी, राष्ट्रीय ध्वज वालों को थी उतनी ही जिज्ञासा खाकी वालों में भी नजर आ रही थी। सूत्र बता रहे हैं कि कई पुलिसकर्मी तो बाकायदा मीडिया वालों से इनपुट जुटाने का भी काम कर रहे थे कि अंदर क्या चल रहा है। किस विषय को लेकर मंथन हो रहा है और क्या विषय सॉल्व हो रहा है लेकिन सूत्र बता रहे हैं कि शिशु मंदिर वाला सीन संघ की बैठक की वजह से बिल्कुल बदला हुआ रहा। पुलिस के उन अधिकारियों को ही एंट्री मिली जिनमें गले में पास था या पीला कार्ड धारक थे। वहीं बुधवार को कार्यक्रम स्थल के बाहर एक नजारा यह भी देखने को मिला कि एक निजी गाड़ी में दो टू-स्टार गाड़ी खड़ी करने को लेकर रौब जम रहे थे तो इसी दौरान एक सफेद नीली वर्दी वाले पुलिसकर्मी ने बताया कि आज नियम सबके लिए एक समान है, गाड़ी हटा लीजिए वरना टोह कर ली जाएगी। वहीं बुधवार को इस कार्यक्रम स्थल के बाहर एक दूसरा सीन यह भी देखने को मिला, जहां पास वाले कमिश्नरेट से आए एक थ्री- स्टार ने उस कमिश्नरेट में रह चुके और वर्तमान में गाजियाबाद में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी संभाल रहे एक अधिकारी से मुलाकात की और दोनों के बीच चर्चा और बातचीत का दौर लंबा चलता रहा। इस वीवीआईपी कार्यक्रम को लेकर कई प्रमुख और खास एसीपी स्तर के अधिकारी भी ड्यूटी देते हुए नजर आए। तो वहीं क्राइम वालों से लेकर ट्रैफिक वाले साहब भी ऑन रोड ड्यूटी दे रहे थे। वहीं जिस तरीके से स्कूल के अंदर वाली सुरक्षा की व्यवस्था की गई थी, उसकी चर्चा और गूंज बाहर तक सुनाई दे रही थी। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि इस मीटिंग के बाद पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम पर क्या पॉजिटिव और नेगेटिव असर पड़ेगा, इसका परिणाम अप्रैल माह के शुरूआती सप्ताह में भी नजर आ सकता है, ऐसा सूत्रों द्वारा कहा जा रहा है। वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि हाई टेंपरेचर होने के बावजूद भी पुलिसकर्मियों ने सुबह करीब 6 बजे से लेकर शाम 4 बजे के बाद तक अपनी ड्यूटी को बेहद सक्रियता के साथ अंजाम दिया गया। कई जगह विवाद होने से भी रोके गए, तो कई जगह पुलिस ने मानवता वाला चेहरा भी प्रदर्शित किया है। कुल मिलाकर मीटिंग का हाल अंदर क्या रहा इसकी उत्सुकता बाहर खाकी में भी पूरी तरह से दिखाई और सुनाई दे रही थी।



# महामाया देवी सीकरी मेले में वाहन पार्किंग पर दोगुनी रकम वसूली जा रही

## प्रशासन व पालिका मौन, रेट लिस्ट की सूचना नही की चस्पा

**मोदीनगर करंट क्राइम।** महामाया देवी सीकरी मेले में वाहन पार्किंग संचालकों द्वारा अवैध वसूली का मामला प्रकाश में आया है। पार्किंग ठेकेदार द्वारा प्रशासन द्वारा निर्धारित दरों से दोगुनी राशि वसूली जा रही है, विरोध करने पर मंदिर परिसर में ही दंबगों द्वारा गाली गलौच की जाती है। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो गया है।



गौरतलब हो कि प्रशासन ने दोपहिया वाहन के लिए 20 रुपये व चार पहिया वाहन के लिए 50 रुपये की दर तय की है, लेकिन पार्किंग ठेकेदार कार से 100 रुपये वसूल रहे हैं, विरोध करने पर ठेकेदार के व्यक्ति अपनी दबंगी दिखाते है। जिस कारण मजबूरी में श्रद्वालुगण कार पार्किंग के 100 रुपए देने को मजबूर है, एक श्रद्धालु ने 100 रुपये की पार्किंग पर्ची का वीडियो भी शेयर किया है। पार्किंग स्थल पर रेट लिस्ट भी नहीं लगाई गई है और कई जगह खाली पर्चियां दी जा रही हैं। यंहा श्रद्वालुओं द्वारा कार पार्किंग प्रशासन द्वारा निर्धारित दरों पर अदा करने पर ठेकेदार के लोग गाली गलौच पर उतारू हो रहे है। इसके अलावा मेले में एक अन्य विवाद भी सामने आया है। नगर पालिका द्वारा नीलाम की गई टेंट दुकानों को कुछ लोगों ने दूसरे समुदाय के लोगों को किराए पर दे दिया है। इस मामले में बजरंग दल के पदाधिकारियों ने विरोध जताते हुये पुलिस से हस्तक्षेप की मांग की है। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया। नवरात्र के तृतीय दिन से मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ने लगी है। बुद्धवार को सुबह से ही दर्शन के लिए कतारें लगी रहीं। सातवें और आठवें नवरात्र पर लाखों श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। जिसके लिये पुलिस प्रशासन ने व्यवस्था चैक चैबंद कर दी है।

# योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश में सुशासन को दी नई पहचान : अश्वनी शर्मा

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए 8 साल बेमिसाल अभियान के तहत व्यापारिक प्रतिष्ठान और घर-घर जाकर जनसंपर्क किया। इस दौरान नागरिकों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के 8 वर्षों के ऐतिहासिक कार्यकाल की उपलब्धियों से अवगत कराया गया। भाजपा के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के नेतृत्व में चलाए जा रहे इस अभियान के अंतर्गत भाजपा नेता व पूर्व मंडल प्रभारी अश्वनी शर्मा ने मुरादनगर क्षेत्र के ग्राम भदौली में जनसंपर्क किया।



जनसंपर्क के उपरांत उन्होंने बताया कि योगी सरकार के बीते 8 साल उत्तर प्रदेश के विकास, सुशासन और जनता के उत्थान के प्रतीक बन चुके हैं। इन वर्षों में प्रदेश ने माफिया राज और भ्रष्टाचार से मुक्त होकर सुशासन की नई पहचान बनाई और एक सशक्त, सुरक्षित व आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश की नींव रखी। प्रदेश में अपराधियों पर कठोर कार्रवाई हुई, जिससे अपराध दर में भारी गिरावट आई और आम जनता को सुरक्षित माहौल मिला। मंडल अध्यक्ष विपिन चौधरी ने बताया कि हर गाँव और हर घर तक बिजली पहुंचाई गई, हाईवे और एक्सप्रेसवे से प्रदेश को नई रफ्तार मिली। गरीब कल्याण योजना के अंतर्गत मुफ्त राशन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं से करोड़ों गरीबों और किसानों को सीधा लाभ मिला। मंडल महामंत्री मोहित त्यागी ने कहा कि आज नए उद्योगों, स्टार्टअप्स और एमएसएमई योजनाओं से लाखों युवाओं को रोजगार मिला है, जिससे प्रदेश की अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है। जनसंपर्क अभियान में डॉक्टर सचिन कुमार भी साथ रहे।

# ट्रंप को लगा बड़ा झटका: लाख कोशिशों के बाद भी विस्कोंसिन सुप्रीम कोर्ट में डेमोक्रेट समर्थित जज जीतीं

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को बड़ा झटका लगा है। दरअसल उनकी और उनके करीबी अरबपति कारोबारी एलन मस्क की लाख कोशिशों के बावजूद विस्कोंसिन सुप्रीम कोर्ट सीट से डेमोक्रेट पार्टी समर्थित सुसन क्राफोर्ड चुनाव जीत गई हैं। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट में एक बार फिर से उदारवादी जजों का बहुमत हो गया है। सुसन के जीतने का असर ये होगा कि ट्रंप प्रशासन द्वारा लाई गई गर्भपात अधिकार आदि अहम नीतियों को सुप्रीम कोर्ट में रोका जा सकता है।



### चुनाव में खर्च हुआ रिकॉर्ड तोड़ पैसा

सुसन क्राफोर्ड, डेन काउंटी की जज हैं और उन्होंने यूनियन पावर और गर्भपात अधिकार जैसे कानूनी मामलों की लड़ाई लड़ी है। सुसन क्राफोर्ड ने चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी समर्थित जज ब्रैड शीमेल को हराया। विस्कोंसिन सुप्रीम कोर्ट का चुनाव कई मायनों में खास रहा क्योंकि इस चुनाव में रिकॉर्ड तोड़ खर्च हुआ। इस खर्च से ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि ये चुनाव कितना अहम था। यह चुनाव अमेरिका की राजनीति का छद्म युद्ध बन गया था। राष्ट्रपति ट्रंप, एलन मस्क ब्रैड शीमेल का समर्थन कर रहे थे और इसके लिए उन्होंने बहुत पैसा भी खर्च किया। वहीं क्राफोर्ड का समर्थन पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा और जॉर्ज सोरोस जैसे अरबपति कर रहे थे।

सुप्रीम कोर्ट आने वाले दिनों में गर्भपात अधिकार, पब्लिक सेक्टर यूनियन, वोटिंग के अधिकार जैसे अहम मुद्दों पर अपना फैसला देगा। राष्ट्रपति ट्रंप देश में रिपब्लिकन पार्टी का एजेंडा लागू करना चाहते हैं, लेकिन अब सुप्रीम कोर्ट में उदारवादी धड़े के बहुमत से उन्हें मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। एलन मस्क और रिपब्लिकन गुट ने इस चुनाव में 2.1 करोड़ डॉलर खर्च किए। मस्क ने शीमेल के लिए प्रचार भी किया। राष्ट्रपति ट्रंप ने भी उन्हें समर्थन दिया। वहीं क्राफोर्ड के समर्थन में उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार रहे टिम वाल्ज और अरबपति जॉर्ज सोरोस ने चुनाव प्रचार और फंडिंग की। इस चुनाव में करीब 9.9 करोड़ डॉलर खर्च का अनुमान है, जो इसे सुप्रीम कोर्ट के इतिहास का सबसे महंगा चुनाव बनाता है।

### सुप्रीम कोर्ट में एक बार फिर से उदारवादी धड़े का बहुमत हुआ

राष्ट्रपति चुनाव के बाद यह पहला बड़ा चुनाव था और यह एक तरह से राष्ट्रपति ट्रंप के बीते करीब दो महीने के कार्यकाल का लिटमस टेस्ट भी था। एलन मस्क ने रविवार को विस्कोंसिन में एक रैली भी की, जिसमें उन्होंने मतदाताओं को 10 लाख डॉलर के चेक वितरित किए। हालांकि इस सबके बावजूद ट्रंप और मस्क समर्थित ब्रैड शीमेल को हार का सामना करना पड़ा। अब सुसन क्राफोर्ड की जीत के साथ ही अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में उदारवादी धड़े का बहुमत 4-3 का हो गया है और साल 2028 तक बहुमत उदारवादी धड़े के पास ही रहेगा।

# रूसी अधिकारियों के साथ काम करने वाले किसी भी व्यक्ति को कराना होगा पंजीकरण

**लंदन।** ब्रिटेन सरकार ने रूस को अपनी सुरक्षा योजना में सबसे ऊपर रखा है, जिसका मकसद देश को विदेशी प्रभाव से बचाना है। गृह मंत्री डैन जार्विस ने मंगलवार को संसद में कहा कि कोई भी व्यक्ति या कंपनी जो रूस के सरकारी संस्थानों, सेना, खुफिया सेवाओं या संसद के साथ कोई गतिविधित करती है, तो उसे एक जुलाई से विदेशी प्रभाव पंजीकरण योजना (एफआईआरएस) में पंजीकरण कराना होगा, नहीं तो पांच साल तक की सजा हो सकती है।

यूनाइटेड रशिया जैसी रूस की राजनीतिक पार्टियों को भी ब्रिटेन में कोई गतिविधि शुरू करने से पहले यह पंजीकरण कराना होगा। ब्रिटेन की सरकार ने कहा कि यह पहल देश की सुरक्षा को खतरे में डालने वाली गतिविधियों का पता लगाने और उन्हें रोकने का एक महत्वपूर्ण उपकरण है। गृह सचिव यवेट कूपर ने कहा, लंबे समय से क्रेमलिन हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए अस्वीकार्य खतरों के



लिए जिम्मेदार रहा है। नए उपायों से रूस के लिए भविष्य में हमारे खिलाफ शत्रुतापूर्ण कार्य करना कठिन हो जाएगा। गृह मंत्री डैन जार्विस ने हाल के वर्षों में रूस की गतिविधियों का हवाला दिया, जिसमें 2018 में रूस के एक पूर्व जासूस और उसकी बेटी को जहर देने के लिए नर्व एजेंट नोविचोक (तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करने वाला रासायनिक पदार्थ) का उपयोग, साइबर हमले और अन्य जासूसी तरीकों के जरिए ब्रिटिश संसद के सदस्यों को निशाना बनाना शामिल है। उन्होंने आगे कहा, यूक्रेन पर रूस का अवैध आक्रमण साफतौर पर इस बात को उजागर करता है कि इसका मकसद यूरोप और वैश्विक सुरक्षा को कमजोर करना है।

ब्रिटेन ने 2018 से अब तक रूस के 20 से अधिक खुफिया अधिकारियों और कई रूसी राजनयिकों को यह कहते हुए निष्कासित किया है कि ब्रिटिश राजनयिकों को परेशान किया गया। पिछले महीने ब्रिटेन स्थित बुल्गारिया के तीन नागरिकों को रूस के लिए जासूसी करने के आरोप में दोषी ठहराया गया। पुलिस ने इसे औद्योगिक पैमाने पर जासूसी बताया था।

इससे पहले ईरान को इस कार्यक्रम के तहत सूचीबद्ध किया गया था। सांसद कई महीनों से सवाल उठा रहे हैं कि चीन को इसमें क्यों शामिल नहीं किया गया। विपक्षी लेबर पार्टी के क्रिस फिलप ने कहा, मुझे इसके कोई शक नहीं है।

# बांग्लादेश में इस्लामी सरकार और शरिया के लिए जुटे कट्टरपंथी

## शेख हसीना के हटने के बाद कट्टरपंथियों के निशाने पर अल्पसंख्यक और महिलाएं

**ढाका।** मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार की अनदेखी के बीच इस्लामी कट्टरपंथी फिर से सक्रिय हो गए हैं। इन पर हसीना सरकार ने प्रतिबंध लगाए थे। वे बांग्लादेश को अधिक कट्टरपंथी दिशा में धकेलने के काम में जुट गए हैं। एक शहर में धार्मिक कट्टरपंथियों ने घोषणा की कि युवा महिलाएं अब फुटबॉल नहीं खेल सकतीं। दूसरे शहर में, उन्होंने पुलिस को एक ऐसे व्यक्ति को छोड़ने के लिए मजबूर किया जिसने सार्वजनिक रूप से अपने बाल न ढकने के कारण एक महिला को परेशान किया था, फिर उसे फूलों की माला पहनाई।



### इस्लामी सरकार के लिए ढाका में प्रदर्शन

बांग्लादेश की राजधानी ढाका में एक रैली में कट्टरपंथी प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि अगर सरकार इस्लाम का अपमान करने वाले किसी भी व्यक्ति को मौत की सजा नहीं देती है, तो वे अपने हाथों से उसे मौत की सजा देंगे। नए संविधान का मसौदा तैयार कर रहे विभिन्न राजनीतिक दलों के अधिकारियों ने माना कि इस दस्तावेज में बांग्लादेश की परिभाषित विशेषता के रूप में धर्मनिरपेक्षता को समाप्त कर दिया जाएगा। इसके स्थान पर बहुलवाद को स्थापित किया जाएगा

बांग्लादेश में हसीना की सरकार गिरने के बाद रात को देशभर में अहमदिया मुस्लिम संप्रदाय के पूजा स्थलों पर भीड़ ने हमले किए। अहमदिया समुदाय अभी भी डर में जी रहा है। उनके प्रार्थना हॉल में उपस्थिति लगभग आधी रह गई है।



### खुद ठगा हुआ महसूस कर रही हैं आंदोलन में शामिल छात्राएं

कट्टरपंथियों की मनमानी से सबसे ज्यादा दुखी छात्राएं हैं, जिन्होंने हसीना को सत्ता से हटाने के आंदोलन में साथ दिया था। उन्हें उम्मीद थी कि एकदलीय शासन की जगह लोकतांत्रिक खुलेपन की व्यवस्था लाएगा, लेकिन अब वे ठगा हुआ महसूस कर रही हैं।

ढाका यूनिवर्सिटी की 29 वर्षीय छात्रा शेख तस्नीम अफरोज एमी ने कहा, हम विरोध प्रदर्शनों में सबसे आगे थे। हमने सड़क पर अपने भाइयों की रक्षा की। अब 5-6 महीने बाद पूरी बात बदल गई है।

बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था में महिलाओं का अहम स्थान हैं। देश के वर्क फोर्स में महिलाओं की हिस्सेदारी 37% हैं, जो दक्षिण एशिया में सबसे अधिक है। महिलाकर्मियों को डर है कि 15 वर्षों के बाद चरमपंथी ताकतें सत्ता में आ जाती है तो उनके लिए चुनौतियां बढ़ जाएगी।

# रक्षा मंत्री कैट्ज बोले: गाजा में इस्राइल ने सैन्य अभियान का किया विस्तार, खान यूनिस पर हमलों में 17 मरे

**यरुशलम।** इस्राइल के रक्षा मंत्री इजरायल कैट्स ने कहा कि गाजा पट्टी में इस्राइल का सैन्य अभियान बड़े क्षेत्रों पर कब्जा करने के लिए विस्तार कर रहा है। इन क्षेत्रों को इस्राइल के सुरक्षा क्षेत्रों में जोड़ा जाएगा। वहीं, इस्राइल ने खान यूनिस शहर पर रातभर हवाई हमले किए। इन हमलों में 17 लोगों की मौत हो गई।

रक्षा मंत्री इजरायल कैट्ज ने बुधवार को कहा कि गाजा पट्टी में इस्राइल का सैन्य अभियान विस्तार कर रहा है। उन्होंने कहा कि फलस्तीनी क्षेत्र में यह आक्रमण आतंकवादियों और उनके बुनियादी ढांचे को नष्ट करने के लिए किया जा रहा है। अभियान के तहत बड़े क्षेत्रों पर कब्जा किया जा रहा है, जिन्हें इस्राइल के सुरक्षा क्षेत्रों में जोड़ा जाएगा। नासिर अस्पताल के अधिकारियों के अनुसार, खान यूनिस शहर पर रातभर हवाई हमलों में 17 लोग मारे गए हैं।

कैट्ज ने कहा कि इस्राइल की सुरक्षा परिधि उत्तरी और पूर्वी गाजा में सीमा के साथ लगती है और दशकों से देश की रक्षा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रही है। इसका उपयोग क्षेत्र के पास रहने वाले अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए किया जाता है।



### गाजावासियों से हमास को खदेड़ने की अपील

रक्षा मंत्री कैट्ज ने गाजावासियों से हमास को खदेड़ने की अपील की, जिसने अभी भी 59 लोगों को बंधक बना रखा है। इन बंधकों में 24 के अभी भी जीवित होने का अनुमान है। हालांकि, शेष बंधकों को युद्धविराम और अन्य समझौतों के तहत रिहा किया जा चुका है। कैट्ज ने बाकी बंधकों को वापस करने को कहा।

### खान यूनिस में इस्राइली हवाई हमलों में 17 की मौत

इस्राइल ने गाजा पट्टी के दक्षिणी शहर खान यूनिस पर रातभर हवाई हमले किए। इन हमलों में 17 लोग मारे गए। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि हवाई हमलों में मारे गए 12 लोगों के शव नासिर अस्पताल लाए गए। मृतकों में पांच महिलाएं और दो बच्चे शामिल थे। मृतक महिलाओं में एक गर्भवती थी। अधिकारियों ने बताया कि हमले में एक परिवार के तीन पुरुष मारे गए हैं। जिस घर पर बमबारी की गई, उसके मालिक की भी मौत हो गई। इसके अलावा, गाजा यूरोपीय अस्पताल को पांच लोगों के शव मिले, जो दो अलग-अलग हवाई हमलों में मारे गए।

### खाद्य संकट पर संयुक्त राष्ट्र की चेतावनी

संयुक्त राष्ट्र ने गाजा में लंबे समय तक भोजन उपलब्ध होने के इस्राइल के दावे को हास्यास्पद बताया। संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि गाजा में खाद्य संकट बहुत गंभीर है। संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा कि विश्व खाद्य कार्यक्रम को गाजा में अपनी सभी 25 बेकरी बंद करनी पड़ी, क्योंकि उनके पास खाना पकाने के लिए ईंधन की कमी है। दुजारिक ने कहा कि इस्राइल ने एक महीने पहले गाजा में सभी क्रॉसिंग बंद कर दी थीं, जिससे मानवीय आपूर्ति बंद हो गई।

# यमन में अमेरिका के ताबड़तोड़ हमले, हूती विद्रोहियों का दावा- होदेदा के पास 4 लोग मारे गए

**दुबई।** अमेरिका ने यमन में हूती विद्रोहियों द्वारा नियंत्रित क्षेत्र को निशाना बनाकर ताबड़तोड़ हवाई हमले किए हैं। इन हमलों में कम से कम चार लोगों के मारे जाने की खबर है। वहीं, व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने स्पष्ट कर दिया है कि ये हमले तब तक जारी रहेंगे, जब तक कि लाल सागर में नौवहन की स्वतंत्रता बहाल नहीं हो जाती। यमन के विद्रोही-नियंत्रित क्षेत्रों में बुधवार को अमेरिका ने कथित तौर पर ताबड़तोड़ हवाई हमले किए। हूती विद्रोहियों ने दावा किया कि लाल सागर के बंदरगाह शहर होदेदा के पास एक हमले में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कार्यकाल में हूती विद्रोहियों के ठिकानों पर लगातार हवाई हमले किए जा रहे हैं। यह स्थिति इस्राइल-हमास युद्ध से उत्पन्न हुई है, जिसके चलते हूतियों को निशाना बनाया जा रहा है। हूतियों ने दावा किया है कि पिछले कुछ समय में कम से कम 65 लोग मारे गए हैं।



### ईरान पर दबाव बनाने का प्रयास

रिपोर्ट्स के अनुसार, अमेरिकी अभियान के रुकने के कोई संकेत नहीं हैं, क्योंकि ट्रंप प्रशासन ईरान के बढ़ते परमाणु कार्यक्रम को लेकर दबाव बनाने का प्रयास कर रहा है। इसलिए ईरान समर्थित हूतियों पर लगातार हवाई हमले जारी हैं।

### नौवहन की स्वतंत्रता बहाल होने तक जारी रहेंगे हमले: लेविट

व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा कि अब तक 200 से अधिक हवाई हमले किए गए हैं। उन्होंने कहा कि हमलों के परिणामस्वरूप ईरान कमजोर हुआ है। लेविट ने कहा कि उन्होंने नौसेना के जहाजों और वाणिज्यिक जहाजों पर हमले करने वाले हूती सदस्यों को मार गिराया है। लेविट ने संकेत दिया कि ये हमले तब तक नहीं रुकेंगे, जब तक कि लाल सागर क्षेत्र में नौवहन की स्वतंत्रता बहाल नहीं हो जाती है।

### मंसूरिया जिले में जल परियोजना को बनाया निशाना

इसके अलावा, हूती विद्रोहियों ने अभी तक अपने किसी नेता के मारे जाने की बात स्वीकार नहीं की है और न ही अमेरिका ने किसी अधिकारी का नाम बताया है। ताजा हमला होदेदा गवर्नरेट के मंसूरिया जिले में हूती नियंत्रित जल परियोजना को निशाना बनाकर किया गया। इस हमले में चार लोग मारे गए और अन्य घायल हुए हैं। विद्रोहियों ने कहा कि बुधवार को अन्य हमलों में हज्जाज, सादा और सना गवर्नरेट को निशाना बनाया गया।

### ट्रूमैन का समर्थन करने के लिए यूएसएस कार्ल विंसन रवाना

दूसरी तरफ, हूतियों ने दावा किया है कि उन्होंने लाल सागर में अमेरिकी विमानवाहक पोत-यूएसएस हैरी एस ट्रूमैन पर हमले जारी रखे हैं, जो हूतियों पर अधिकांश हमले कर रहा है। वहीं, विमानवाहक पोत यूएसएस कार्ल विंसन ट्रूमैन का समर्थन करने के लिए एशिया से मध्यपूर्व की ओर रवाना हो गया है। पेंटागन के प्रवक्ता सीन पार्नेल ने बुधवार सुबह कहा कि क्षेत्र में अतिरिक्त स्क्वाड्रन और अन्य हवाई संपत्तियां तैनात की जाएंगी। हालांकि उन्होंने विस्तार से कोई जानकारी नहीं दी।

# जॉनसन एंड जॉनसन को अदालत से झटका, 85000 करोड़ रुपये में मुकदमे को निपटाने की पेशकश खारिज

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी दिवाला अदालत ने जॉनसन एंड जॉनसन (जेएंडजे) की उस पेशकश को खारिज कर दिया, जिसमें कंपनी ने वाद निपटारे के बदले 10 अरब डॉलर यानी करीब 85,655.82 करोड़ रुपये देने का प्रस्ताव रखा था। इसके साथ ही बेबी और अन्य टाल्कम पाउडर में कैंसर कारक घातक केमिकल मिलने के मामले में हजारों मुकदमों का सामना कर रही कंपनी की दिवाला रणनीति कोर्ट में तीसरी बार नाकाम हो गई।

दरअसल, जेएंडजे मुकदमों से बाहर आने के लिए अपनी एक सहायक कंपनी को दिवालिया घोषित कराने में जुटी है। यह तीसरा मौका था जब वाद निपटारे के बदले एक अच्छी-खासी रकम की पेशकश की गई। हालांकि, ह्यूस्टन स्थित दिवाला कोर्ट में मामले की सुनवाई कर रहे जज क्रिस्टोफर लोपेन ने कहा कि कंपनी दिवालिया प्रक्रिया के योग्य नहीं है।




जज ने कहा, मामला उन संस्थाओं के खिलाफ कानूनी दावों से बहुत आगे निकल चुका है, जिन्होंने खुद दिवालियापन के लिए आवेदन नहीं किया। इसमें जेएंडजे के उत्पाद बेचने वाले खुदरा विक्रेता और एक उपभोक्ता स्वास्थ्य व्यवसाय केन्व शामिल है, जिसे कंपनी ने 2023 में अलग कर दिया था।

### समझौते के बजाय मुकदमे पर अब ध्यान देगी कंपनी

अपना प्रस्ताव खारिज होने के बाद जेएंडजे ने कहा कि वह इसके खिलाफ अपील नहीं करेगी। कंपनी अब वाद निपटारे के बजाय मुकदमा लड़ने और आरोपों के खिलाफ कानूनी जंग जीतने पर ध्यान देगी। कंपनी ने यह भी घोषणा की कि वह पहले से रखे गए 7 अरब डॉलर के रिजर्व को वापस लेगी। जेएंडजे पर आरोप है कि उसके टाल्कम पाउडर में मौजूद एस्बेस्टस नामक खतरनाक पदार्थ के कारण महिलाओं को ओवेरियन कैंसर और फेफड़ों के कैंसर (मेसोथेलियोमा) का सामना करना पड़ा। हजारों मुकदमों के कारण कंपनी की बेबी पाउडर की बिक्री में गिरावट आई और 2020 में जेएंडजे ने अमेरिका में इसका उत्पादन बंद कर दिया। 2022 में कंपनी ने वैश्विक स्तर पर टाल्कम पाउडर बेचना पूरी तरह बंद करने का एलान किया। इस फैसले के बाद जॉनसन एंड जॉनसन के शेयर मंगलवार को तीन फीसदी तक गिर गए, जिससे निवेशकों को बड़ा नुकसान हुआ।

# रूस को यूक्रेन पर अमेरिका का मौजूदा प्रस्ताव मंजूर नहीं

**रूस।** रूस के उप विदेश मंत्री सर्गेई रयाब्कोव ने कहा कि राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की चिंताओं को दूर करने में अब तक मास्को और वाशिंगटन असमर्थ रहे। मौजूदा स्वरूप में जो प्रस्ताव है उस पर अभी तक मास्को आगे नहीं बढ़ पाया है। अमेरिका-रूस संबंधों के विशेषज्ञ सग र ऱॉयटर, मॉस्को। रूस ने कहा है कि वह यूक्रेन युद्ध खत्म करने को लेकर अमेरिका के मौजूदा प्रस्ताव को मंजूर नहीं कर सकता है, क्योंकि इसमें मास्को की चिंताओं का समाधान नहीं है। इससे जाहिर होता है कि युद्ध समाप्त कराने के प्रयास में अमेरिका और रूस के बीच वार्ता अटक गई है।



### रूस के उप विदेश मंत्री ने कही ये बात

रूस के उप विदेश मंत्री सर्गेई रयाब्कोव ने कहा कि राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की चिंताओं को दूर करने में अब तक मॉस्को और वाशिंगटन असमर्थ रहे। मौजूदा स्वरूप में जो प्रस्ताव है, उस पर अभी तक मॉस्को आगे नहीं बढ़ पाया है। अमेरिका-रूस संबंधों के विशेषज्ञ सर्गेई ने रूसी पत्रिका इंटरनेशनल अफेयर्स को दिए एक इंटरव्यू में यह बात कही। इसे मंगलवार को जारी किया गया।

### यूक्रेन नाटो में शामिल होने की मंशा छोड़ दे

उन्होंने कहा, 'हम अमेरिका की ओर से प्रस्तावित मॉडलों और समाधानों को काफी गंभीरता से लेते हैं, लेकिन इसे मौजूदा स्वरूप में स्वीकार नहीं कर सकते।' पुतिन कह चुके हैं कि यूक्रेन नाटो में शामिल होने की अपनी महत्वाकांक्षा को छोड़ दे, यूक्रेनी सेना का आकार सीमित किया जाए और रूस को उन चार यूक्रेनी क्षेत्रों पर नियंत्रण मिले, जिन पर उसने दावा किया है। जबकि यूक्रेन का कहना है कि ये मांगें उसके लिए आत्मसमर्पण के समान हैं। हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि वह यूक्रेन में शांति स्थापित करने के लिए कार्य कर रहे हैं, लेकिन पुतिन की भूमिका से खिन्न हैं। अगर रूस, यूक्रेन में युद्धविराम लागू करने के लिए आगे नहीं बढ़ता है तो वह उसके खिलाफ टैरिफ का एलान करेंगे।

### खनिज समझौते अमेरिका के साथ काम करेगा यूक्रेन

यूक्रेन के विदेश मंत्री एंड्री सिबिहा ने मंगलवार को कहा कि उनका देश एक ऐसे खनिज समझौते के लिए अमेरिका के साथ काम करेगा, जो पारस्परिक रूप से स्वीकार्य हो। उन्होंने कीव में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि खनिज समझौते को लेकर एक नए मसौदा पर एक दौर का विचार-विमर्श हो चुका है। यह प्रक्रिया जारी रहेगी और हम अपने अमेरिकी साथियों के साथ मिलकर काम करेंगे।

# जिनपिंग ने भारत की ओर बढ़ाया दोस्ती का हाथ

**बीजिंग।** भारत और चीन ने पिछले साल बातचीत के बाद एक समझौते के तहत पूर्वी लद्दाख के अंतिम दो टकराव बिंदुओं, देपसांग और डेमचोक से सैनिकों की वापसी सुनिश्चित की। अब चीनी राष्ट्रपति ने एक बार फिर भारत के साथ संबंधों को मजबूत करने की वकालत की है।

चीन ने एक बार फिर भारत की ओर दोस्ती का हाथ बढ़ाया है। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने मंगलवार को कहा कि चीन और भारत को और अधिक निकटता से मिलकर काम करना चाहिए। दोनों देशों रिश्ते को ड्रैगन-हाथी टैंगो का रूप लेना चाहिए। यह हमारे प्रतीकात्मक जानवरों के बीच नृत्य है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को चीन-भारत के राजनयिक संबंधों की शुरूआत की 75वीं वर्षगांठ पर बधाई संदेश में चीनी राष्ट्रपति ने यह बात कही। इस मौके पर राष्ट्रपति मुर्मू ने भी चीनी राष्ट्रपति को बधाई दी।



शी जिनपिंग ने कहा कि पड़ोसियों को शांतिपूर्ण ढंग से सह-अस्तित्व के तरीके ढूंढने चाहिए। वह प्रमुख अंतरराष्ट्रीय मामलों में संचार और समन्वय को बढ़ाने, सीमावर्ती क्षेत्रों में संयुक्त रूप से शांति की रक्षा करने के लिए तैयार हैं।

# पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी की तबीयत बिगड़ी, अस्पताल में भर्ती

**पाकिस्तान।** पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी की तबीयत बिगड़ गई है। इसके बाद करची के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। समाचार एजेंसी पीटीआई ने 'द एक्सप्रेस ट्रिब्यून' के हवाले से मंगलवार को बताया कि 69 साल के आसिफ अली जरदारी को बुखार और संक्रमण की शिकायत हुई। इस वजह से उन्हें कराची से करीब 300 किलोमीटर दूर नवाबशाह से अस्पताल लाया गया।



### डॉक्टर स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहे

रिपोर्ट के मुताबिक, राष्ट्रपति जरदारी की कई मेडिकल जांच की गई और डॉक्टर उनकी स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। वह सोमवार को ईद की नमाज अदा करने के लिए नवाबशाह गए थे। इससे पहले रविवार को उन्होंने अपनी पार्टी के नेताओं के साथ बैठक भी की थी।

### प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ हालचाल जाना

समाचार एजेंसी पीटीआई ने पाकिस्तान की सरकारी समाचार एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस (एपीपी) के हवाले से बताया कि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने टेलीफोन पर राष्ट्रपति जरदारी के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। उन्होंने उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की।

# कपड़ा व्यापारी एसोसिएशन ने हिंदु नववर्ष पर किया सुंदरकांड पाठ का आयोजन



गाजियाबाद( करंट क्राइम)। गाजियाबाद, करंट क्राइम। कपड़ा व्यापारी एसोसिएशन ने हिंदु नववर्ष के अवसर पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया। हिंदी भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में कपड़ा व्यापारी एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल सावंरिया ने सभी का स्वागत किया। सुंदरकांड के बाद सात्विक प्रसाद का वितरण किया गया। इस भव्य तथा श्रृद्धामयी कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रृद्धालु मौजूद थे।

## सम्मान



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। सहकारिता क्रय विक्रय समिति के सभापति वीरेन्द्र सारस्वत को सहकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ठ कार्य हेतु सम्मानित किया गया। जिला सहकारी बैंक गाजियाबाद में बैंक के चेयरमैन कृष्णवीर सिंह ने उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर वीरेन्द्र सारस्वत ने कहा कि उनका उद्देश्य हमेशा से संस्थान की नीतियों के अनुपालन में उत्कृष्ठ कार्य करना रहता है। उन्होंने इस सम्मान के लिए सरकार और बैंक का आभार व्यक्त किया। गौरतलब है कि सहकारिता क्रय विक्रय समिति चेयरमैन वीरेन्द्र सारस्वत ने अपने कार्यकाल में कई उत्कृष्ठ कार्य किये और कई सुविधाओं को यहां बहाल कराया है। वीरेन्द्र सारस्वत को सम्मानित किये जाने के अवसर पर सहकारी बैंक के डॉयरेक्टर हरिकांत शर्मा, अमित रंजन भी मुख्य रूप से मौजूद थे।

## किसान पुत्र लोचन चौधरी का सेना में लेफ्टिनेंट के पद पर हुआ चयन, लोगों ने दी बधाई



**मोदीनगर करंट क्राइम।** किसान के पुत्र का सेना में नेफ्टिनेंट पद पर चयन होने पर शहर के अनेक गणमान्य लोगों ने उन्हें बधाई दी। संतपुरा निवासी वीरेंद्र सिंह के छोटे पुत्र लोचन चौधरी का सेना में लेफ्टिनेंट के पद पर चयन हुआ है। लोचन चौधरी व उनके परिवार को बधाई देने के लिए राष्ट्रीय लोकदल, भाजपा के नेताओं व समाज के गणमान्य लोगों ने लोचन चैधरी के निवास स्थान संतपुरा पहुंचकर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। बधाई देने वालों में रालोद के जिला अध्यक्ष रामपाल चैधरी, प्रदेश सचिव रणबीर दहिया, नगर पालिका परिषद के चेयरमैन विनोद कुमार वैशाली, एडवोकेट राजकुमार गुप्ता, रजनीश सभासद, लोकेश ढोढ़ी, अंगेश चैधरी, भीष्म शर्मा, बिट्टू खंजरपुर, योगेश गर्ग प्रमुख रहें।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।




▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** ना जाने सिंह मैडम के दिल पर उस वक्त क्या गुजरी होगी भाई जब उनसे किसी ने कहा होगा कि आप स्वागत वाले कार्यक्रम में अकेले ही हैं आईं? ऊपर से देर से आने वाला भी लगा होगा दिल पर आघात? हम सुन रहे थे कुछ ऐसी चर्चा? कह रहे थे बहुत सारे भाई साहब? कहने वाले कह रहे थे, मैडम से ही क्यों क्या पुरुषों से भी होना चाहिए भीड़ लाना वाला हिसाब? हमने देखा मोर्चे वाले से लेकर संगठन वाले सिर्फ जेब में डालकर आए थे अपना हाथ?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** अब तो क्रांतिकारी धरा के सौम्य मावी जी को दिखाने चाहिए अपने तेवर? क्यों अपनी खामोशी से इस माहौल में वो कर रहे हैं किसी को फेवर? कहने वाले ने कहा- धामा जी, कसाना जी, मुखिया जी तो खोल ही चुके हैं क्रांतिकारी वालों के खिलाफ अपनी जुबान? अब मावी जी को और कितना बैकअप चाहिए श्रीमान? कहने वाले ने कहा- हो सकता है अपने मुद्दों को दे रहे हों वो गहराई से धार? आज नहीं तो कल बाहर आने ही है उनके क्रांतिकारी विचार?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** एक ओर हम जहां सौम्य माजी जी की चुप्पी टूटने का कर रहे हैं इंतजार? दूसरी ओर हम देख रहे हैं अनुज ब्रदर सौम्य मावी टू उड़ेल रहे हैं क्रांतिकारी वालों पर पूरा प्यार? हमने देखा जब क्रांतिकारी विधायक कर रहे थे फेसबुक पर प्रैसकांफ्रेंस लाइव? तब सौम्य मावी जी कर रहे थे उनकी पोस्ट को लाइक? इतना ही नहीं वो कर रहे थे क्रांतिकारी वालों की बहुत ज्यादा केयर? हमने देखा उन्होंने की थी उनकी लाइव प्रैसकांफ्रेंस अपनी पोस्ट पर शेयर?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** लगाने वाले लगा रहे थे स्वागत वाली भीड़ का हिसाब? विपक्षी खेमे वाले जहां मामले को कम बता रहे थे? वहीं पक्ष वाले कह रहे थे स्वागत में जुटी है भीड़ बेहिसाब? फिर इन बातों के बीच में प्रदेश वाले चौधरी साहब के एक करीबी ने निकाल दिया सारी बातों का तोड़? कहा- उनको भीड़ कितनी ज्यादा है कितनी कम, इस बात से फर्क पड़ता ही नहीं, इसलिए आप ये चर्चा करना दें छोड़? कहने वाले कहा- जबसे हुआ है स्वागत वाला कार्यक्रम तबसे बनी हुई है कई दिलजलों के पेट में मरोड़?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हमें बहुत अच्छा लगा जब एनसीआर बोर्ड वाली मीटिंग में हुए हमको सांसद, मेयर और विधायकों के एकसाथ दीदार? फिर जैसे ही हम इस मुलाकात को लेकर खुश हो रहे थे, वैसे ही आ गया हमारे दिमाग में विचार? दिमाग ने हमसे किया सवाल? सांसद जी क्यों नहीं लेकर गए एमएलसी दिनेश गोयल को अपने नाल? कम से कम वो करा तो सकते ही थे प्रस्तावों पर उनके साइन? दूरियां करा रही है एहसास, अभी तक नहीं हुआ है दोनों के बीच में मामला फाइन?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** एक्सटेंशन वाले भगवा कवि भैया इस बार जरूर खाएंगे संगठन की सेवाईयां? हम देख रहे हैं इस वक्त वो जगह-जगह पर नजर आ रहे हैं भगवा योद्धा के साथ? कहने वाले ने कहा- ये सब कुछ बिरादरी वाले रामजी की कृपा से हो रहा है जैसे कभी भगवा कवि भैया भगवा कमांडर के साथ थे, कुछ वैसे ही नजर आ रहे हैं उनके अब भगवा योद्धा के साथ अंदाज?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** इस बार संगठन में सुनाई देगी शर्मा जी की गुंजन? भले ही भगवा मास्टर पीला कुर्ता पहनकर करते रहे कितने ही प्रयास? कहने वाले ने कहा- भगवा योद्धा के दिल में पहले ही शर्मा जी की बेहिसाब गुंजन? दूसरा उनके सर पर है यूनियन वालों का आशीर्वाद? कहने वाले ने कहा- वैसे भी वकील साहब आदमी है बहुत नाइस? हमें उम्मीद है इस बार नहीं खेली जाएगी उनके साथ आइस-पाइस?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** संगठन की डगर में मिस्टर डागर इस बार देखना चाह रहे हैं अपना विकास? सुना है कुछ इसी तरह अनुज भैया भी मेहनत कर रहे हैं? इस समय दोनों युवा मोर्चा की क्षेत्रीय टीम में थे एक साथ? सुना है इनको भगवा दीदी से इस बार है बहुत ज्यादा आस? देखना अब ये है कि इस वाली आस की क्या फाइल भगवा योद्धा करेंगे पास?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा योद्धा की टीम में इस बार कुल में दीप जलाने वाले त्यागी जी कर रहे हैं आने का प्रयास? मगर पता चला है साहब जी ने निकाल कर रख दिया है कोई पुराना इतिहास? इतिहास में दिखाई दे रहा है किसी विकास वाले पत्थर का सीन? सुना है बजाने वाले बता रहे हैं इस पत्थर की लगातार बीन? कहने वाले ने कहा- अगर दिमाग में बैठ गई किसी ये बात तो त्यागी जी हो ना जाएं कहीं बोल्ड क्लीन?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा योद्धा की टीम में नदिया पार के कसाना और लाइन पार के नागर के बीच चल रही है जबर्दस्त दौड़? कहने वाले ने कहा- अगर किसी ने लगा दी हैवीवेट वाली वीटो, तो रुख खोड़ा वाले एरिये की ओर ले लेगा मोड़? कहने वाले ने कहा- यहां पर फोकस में आ जाएगा खोड़ा वाले एरिये के भाटी जी का नाम? कहने वाले ने कहा- इस नाम से भगवा योद्धा को भी कोई परेशानी नहीं होगी? क्योंकि ये नाम जरूरत पड़ने पर किसी भी कार्यक्रम के लिये एक झटके में कर सकता है काफी संख्या का इंतजाम?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। दादा पोते की जोड़ी सबसे प्यारी ओर अनूठी होती है। भाजपा नेता देशराज ने अपने पौत्र के नाम एक ऐसी फोटो साझा की। दादा के स्टाइल की विरासत को पौत्र ने अपना लिया। देखने का ये अंदाज ओर पीढ़ियों का ये प्यार बना करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।